सितंबर-2024, ₹ 10.00

# दीप कमल




# सदस्यता महोत्सव


भाजपा का संकल्प
हर वर्ग का कल्याण

## संगठन महापर्व




संगठन महापर्व
सदस्यता अभियान 2024
88 00 00 2024
पर मिस्ड कॉल करें, भाजपा के सदस्य बनें
सदस्यता अभियान-2024
विकसित भारत
भाजपा की सदस्यता हेतु स्कैन करें




# दीप कमल

वर्ष-20, अंक-9, सितंबर 2024

**संपादक**
पंकज कुमार झा


**प्रबंध संपादक**
हेमंत पाणिग्रही

मुद्रक एवं प्रकाशक
**किरण देव** द्वारा, भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ के लिए, विश्व परिवार से मुद्रित एवं कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, बोरियाकला, रायपुर से प्रकाशित।

पत्रिका दीप कमल के इस अंक का पीडीएफ प्राप्त करने के लिए कृपया QR कोड स्कैन करें।

**स्वत्वाधिकारी**
भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

mydeepkamal@gmail.com
0771-2233500, 2233511
92016-33511



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## सोशल मीडिया से

### नरेंद्र मोदी



पैरालिंपिक 2024 विशेष और ऐतिहासिक रहा है। भारत इस बात से बेहद खुश है कि हमारे बेहतरीन पैरा-एथलीटों ने 29 पदक जीते हैं, जो खेलों में भारत के पदार्पण के बाद से अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यह उपलब्धि हमारे एथलीटों के अटूट समर्पण और अदम्य भावना के कारण है। उनके खेल प्रदर्शनों ने हमें कई यादगार पल दिए हैं और कई उभरते एथलीटों को प्रेरित किया है। (9 सितंबर 2024)

### जगत प्रकाश नड्डा



आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज केंद्रीय कैबिनेट ने कृषि एवं कृषक कल्याण को समर्पित 7 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। डिजिटल कृषि मिशन, क्रॉप साइंस, हॉर्टिकल्चर, कृषि विज्ञान केंद्र, नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट आदि से संबंधित 14,235.30 करोड़ रुपए की लागत से क्रियान्वित होने वाली यह परियोजनाएं हमारे किसान भाईयों-बहनों के उत्कर्ष व उज्ज्वल भविष्य को समर्पित हैं। (3 सितंबर 2024)

### अमित शाह



आपराधिक न्याय के नए कानूनों से जन-जन को जोड़ने के लिए इन कानूनों का देश की विभिन्न भाषाओं में अनुवाद कार्य शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ के रायपुर में छत्तीसगढ़ी, गोंडी, हल्बी, भतरी और कुड़ुख भाषा में आपराधिक न्याय के नए कानूनों के अनुवादित संस्करणों का लोकार्पण किया। ये संस्करण इन क्षेत्रवासियों को नए कानूनों की बारीकियों को समझने में उपयोगी साबित होंगे। (24 अगस्त 2024)

### विष्णु देव साय



यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रदेशवासियों को अनुपम उपहार देते हुए कुल 8 लाख 46 हजार 931 नए आवास के लक्ष्य को स्वीकृति दी है। जिससे प्रदेश के लाखों परिवारों का जीवन स्तर सुविधायुक्त और सम्मानजक होगा। (4 सितंबर 2024)

### किरण देव



"संगठन महापर्व 'सदस्यता अभियान 2024" शुभारंभ कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी को भाजपा सदस्यता ग्रहण करवाकर स्वयं भी सदस्यता ग्रहण की। राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आप सभी से भी आग्रह है कि भारतीय जनता पार्टी से जुड़ें एवं विकसित भारत की ओर अपना अमूल्य योगदान दें। (3 सितंबर 2024)

संपादकीय

## सदस्यता महाभियान


# विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक आन्दोलन के साथ होने का गौरव



भारतीय जनता पार्टी का सदस्य होना अर्थात क्या? अर्थात विश्व के सबसे बड़े, सबसे पुराने लोकतंत्र की पावन भूमि पर सबसे बड़े राजनीतिक दल का सदस्य होने के गौरव को प्राप्त होना है। उस महान विचार-परिवार का अंग होना है, जिन विचारों को भारतीय वांग्मय, शास्त्रों-पुराणों के माध्यम से हमने अंगीकृत किया है, उन उपनिषदकारों के साथ चलना है, जिनके निकट बैठ कर कभी पूर्वजों ने मानव जीवन का हेतु ज्ञात किया था। उन कथानकों का हिस्सा हो जाना है, जिनमें प्राम्भिक संघर्षों के पश्चात धर्म की जय, अधर्म का नाश, प्राणियों में सद्भावना और अंततः विश्व का कल्याण होने की आश्वस्ति होती थी। उस राजनीति का श्रेष्ठ सहभागी हो जाना है, जिस राजनीति का अर्थ होता है, नीति पूर्वक राज्य का संचालन कर राम राज्य की स्थापना- राज की रहहि नीति बिनु जाने?

वह राम राज्य, जिसके बारे में तुलसी बाबा ने कहा है – **दैहिक, दैविक, भौतिक तापा, राम राज नहि काहुहि ब्यापा। सब नर करहिं परस्पर प्रीती, चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती-** अर्थात ऐसा राज्य जहां शारीरिक, आत्मिक, सांसारिक किसी तरह की पीड़ा, ऐसा कोई भी ताप आपको दग्ध नहीं करे। रामराज के इसी विचार को हमारे मनीषी और एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता, व्याख्याकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने शरीर, मन, बुद्धि... आदि के समग्र, एकीकृत उन्नयन का दर्शन समाज के समक्ष रखा जिसके प्रकाश में भाजपा आज यहां तक पहुंची है।

भारतीय मनीषा के यही विचार परम्पराओं से संघ ने ग्रहण किया, उसे राजनीति का आधार बना कर भारतीय जनसंघ ने और तत्पश्चात आज की भारतीय जनता पार्टी ने प्राप्त किया। इसी वैचारिक और सांगठनिक बीज के आधार पर भाजपा ऐसा वटवृक्ष हो जाने में सफल हुई, जिसके छांव तले भारत में आज



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

पुनः विश्व बंधुत्व का पताका फहरा रहा है, ऐसे बंधुत्व का जहां सम्पूर्ण मानवता आज शरण, संरक्षण और शांति की प्रत्याशा में भारत की ओर देख रहा है। आज जहां सारा जगत यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अगुवाई में पथ-प्रदर्शन की प्रत्याशा में पलक-पावड़े



बिछाए प्रतीक्षारत है। इस महान आंदोलन का फिर से हिस्सा होने के लिए भाजपा अपने देशवासियों को आमंत्रित कर रही है।

इसी माह के 2 तारीख से प्रारंभ हुए इस सदस्यता महाभियान में इन पंक्तियों के लिए जाने तक मात्र सप्ताह भर में 2 करोड़ से अधिक सदस्य बन चुके हैं। 2 सितम्बर को जहां यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और भाजपाध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा सदस्य बने, वहीं अगले दिन 3 सितम्बर को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय समेत देश के सभी भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री ने पुनः पार्टी की सदस्यता ली। उन्होंने अपने सदस्यता का नवीनीकरण कराया। रायपुर में आयोजित एक गरिमामय आयोजन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री किरण देव ने मुख्यमंत्री जी को प्रदेश में सर्वप्रथम सदस्यता दिलाया। छत्तीसगढ़ में मात्र इतने दिनों में ही 7 लाख से अधिक सदस्य हो जाना भी इस बात का संकेतक है कि इस महाभियान से जुड़ने हेतु जनता में कितना उत्साह है। अस्तु।

एक राजनीतिक दल के रूप में भाजपा की उपलब्धियों पर महाग्रंथ लिखे जा सकते हैं, लिखे जायेंगे भी, लिखे जा भी रहे हैं। फिर भी अगर एक सूत्रवाक्य में पार्टी की उपलब्धियों का वर्णन करना हो तो यही कहा जा सकता है कि पार्टी ने लोकतंत्र को भरोसे का पर्याय बना देने के असंभव से लगते संकल्प की सिद्धि की है। ऐसा, भाजपा के कर्णधारों ने परिश्रम की पराकाष्ठा के साथ, निष्ठा को अपना परम ध्येय बना कर प्राप्त किया है। बात चाहे मोदी जी के दशक भर से अधिक का होने जा रहे सेवाकाल में पार्टी के श्रीराम मंदिर निर्माण, अनुच्छेद 370 के विसर्जन समेत तमाम मुख्य विषयों का समाधान कर भारत को विश्व के सबसे अग्रणी राष्ट्रों में शुमार कर लेने का हो या छत्तीसगढ़ की बात करें, तो यहां 'मोदी गारंटी' के अधिकांश बड़े वादों को विष्णुदेव साय जी की सरकार द्वारा पूरा कर लेने को, भरोसे के संकट वाले इस राजनीतिक युग में विश्वास बहाली के ये अध्याय इतिहास के स्वर्णाक्षरों में अंकन योग्य होगा। यही कारण है कि आज भारतवर्ष पर न केवल देश के नागरिक बल्कि विश्व के लोग आज प्रशंसा के साथ देखते हैं.......

सो, इस युग का सबसे महान राजनीतिक आन्दोलन आपसे पुनः यह आग्रह करता है कि आप इसका हिस्सा बनें। भारतीय जनता पार्टी के रूप में, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में, विश्व की सबसे बड़े वैचारिक परिवार का सदस्य बनना निस्संदेह गौरव का विषय है। यह सदस्यता हम में वही आश्वस्ति हमेशा देता रहेगा जैसा कि अटलजी ने भारत के पश्चिमी घाट को महिमामंडित करने वाले सागर किनारे खड़े हो कर कहने का साहस किया था – अन्धेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा, खिलता रहेगा, खिलखिलाता रहेगा .......

वन्दे मातरम। ।•••

Email: mydeepkamal@gmail.com

पंकज...

# दिल से, दल से, जुड़ें कमल से: नरेंद्र मोदी




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के केंद्रीय कार्यालय विस्तार, नई दिल्ली से पार्टी के राष्ट्रव्यापी 'संगठन पर्व सदस्यता अभियान-2024' का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को पार्टी का पहला सदस्य बनाया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पार्टी के टोल फ्री नंबर – 8800002024 पर मिस्ड कॉल के जरिए फिर से भाजपा की सदस्य ली। इसके बाद, पार्टी के अन्य नेताओं ने भी फिर से भाजपा की सदस्यता ग्रहण की और सदस्यता अभियान के पहले सदस्य बने। देश के आम नागरिक टोल फ्री नंबर, नमो एप, भाजपा की वेबसाइट से भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं।

## पीएम मोदी को राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने दिलाई भाजपा की सदस्यता


पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि देशवासियों की आकांक्षाओं की उड़ान को नई ऊंचाई देने के लिए हम कृतसंकल्प हैं। नई दिल्ली के भाजपा मुख्यालय में राष्ट्रीय सदस्यता अभियान 2024 का शुभारंभ करते हुए मुझे बहुत गर्व का अनुभव हो रहा है। हमारी पार्टी ने अपनी स्थापना के बाद से ही भारी कठिनाइयों का सामना किया है लेकिन हमारे कार्यकर्ताओं ने इसे आज इस महान मुकाम पर पहुंचाने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा की है। हम आलोचनाओं को झेलते हुए आगे बढ़े हैं लेकिन हम निरंतर राष्ट्र प्रथम की भावना पर डटे रहे, उसी पर आगे बढ़ते रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा एकमात्र दल है, जो अपनी पार्टी के संविधान के अनुसार अक्षरशः लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए अपना विस्तार कर रही है। यही पार्टी को जन-सामान्य की आशा, आकांक्षाओं पर खरा उतरने के लिए अपने आप को निरंतर योग्य बनाता रहता है। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान का एक और दौर प्रारंभ हो रहा है। भारतीय जनसंघ से लेकर अब तक हमने




देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति लाने का भरसक प्रयास किया है। जब तक जिस संगठन के माध्यम से या जिस राजनीतिक दल के माध्यम से देश की जनता सत्ता सुपुर्द करती है, वो इकाई, वो संगठन और वो दल अगर लोकतांत्रिक मूल्यों को नहीं जीता है और आंतरिक लोकतंत्र निरंतर उसमें नहीं पनपता, तो वैसी स्थिति बनती है जो आज देश कई दलों में हम देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे लिए सदस्यता यानी, अपने परिवार का विस्तार है। हमारे परिवार में अगर किसी का जन्म होता है तो जितनी खुशी होती है, हमारे परिवार में शादी करके कोई बहू आती है तो परिवार के विस्तार का जो आनंद होता है, वो आनंद, भाजपा में जब कोई नया सदस्य बनता है तो परिवार के विस्तार का आनंद होता है। इसलिए ये सदस्यता अभियान आंकड़ों का खेल नहीं है। भाजपा का यह सदस्यता अभियान वैचारिक आंदोलन भी है और भावनात्मक आंदोलन भी। राष्ट्रीय सदस्यता अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह हमारे परिवार का विस्तार है। हमारी भावनाएं देशभक्ति से प्रेरित है... मां भारती के लिए, 140 करोड़ देशवासियों के लिए।

उन्होंने कहा कि भाजपा यहाँ तक ऐसे ही नहीं पहुंची है। इसे यहाँ तक पहुंचाने में कई पीढ़ियां खप गईं। मैं जब राजनीति में नहीं था, तो जनसंघ के जमाने में बढ़े उत्साह के साथ कार्यकर्ता दीवारों पर जब दीपक (तब चुनाव चिह्न यही हुआ करता था) पेंट किया करते थे तो कई राजनीतिक दलों के नेता अपने भाषणों में मजाक उड़ाते थे कि दीवारों पर दीपक पेंट करने से सत्ता के गलियारों तक नहीं पहुंचा जा सकता है। हम वो लोग हैं, जिन्होंने श्रद्धा से दीवारों पर कमल पेंट किया, क्योंकि विश्वास था कि दीवारों पर पेंट किया कमल कभी न कभी तो दिलों पर भी पेंट हो जाएगा। हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं – हम आचार, विचार और संस्कार में भी लोकतंत्र को स्वीकार करते हैं।

पीएम श्री मोदी ने कहा कि आज भी कुछ राज्यों में भाजपा के कार्यकर्ता उसी जीवन को जीते हैं और अपने आदर्शों के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। संसद में जब हमारे दो सदस्य हुआ करते थे तब "हम दो, हमारे दो" कह कर हमारा मजाक उड़ाया जाता था. एक समय, हमारे कार्यकर्ताओं के लिए कहा जाता था कि भाजपा का कार्यकर्ता हो या जनसंघ का उसका एक पैर रेल में होता है और दूसरा पैर जेल में होता है। रेल में इसलिए क्योंकि भाजपा का कार्यकर्ता हमेशा प्रवास करता रहता था और समाज की समस्याओं के समाधान के लिए सत्ता पर बैठे हुए लोगों के सामने संघर्ष करता था और जेल में इसलिए क्योंकि तब सत्ताधारी एक



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

जुलूस भी नहीं निकालने देते थे। वे हमें जेल में डाल देते थे। इसलिए कभी जेल तो कभी बाहर। हम ऐसे सत्ताधारियों के जुल्म सहकर यहां तक पहुंचे हैं। हमने ये सब झेला क्योंकि 'नेशन फर्स्ट' ही हमारा कंसेप्ट था।

लोक सभा एवं विधान सभा में महिलाओं के लिए आरक्षण के प्रावधान किये जाने का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि ये जो सदस्यता अभियान होगा, जो संगठन की संरचना होगी, उसी कालखंड में विधानसभाओं और लोकसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण लागू हो गया होगा। महिलाओं के लिए अगर ये 33 प्रतिशत आरक्षण इसी कालखंड में आने वाला है तो सदस्यता अभियान में वैसे सभी लोगों को जोड़ना चाहिए जो पार्टी के लिए अधिकतम महिलाओं को विजयी बनाकर एमएलए, एमपी बना सके।

उन्होंने कहा कि कभी देश के सीमावर्ती गांवों को आखिरी गांव के रूप में जाना जाता था। इससे नकारात्मकता झलकती थी लेकिन हमने तय किया कि ये आखिरी गांव नहीं बल्कि देश के पहले गांव हैं। हमें इन गांवों में एक विशेष इकाई बनाकर सदस्यता अभियान चलाना चाहिए और पूरे गांव को भाजपा का सदस्य बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में ऐसे-ऐसे इलाके हैं, जहां व्यवस्थाएं इतने सालों के बाद भी पहुंच नहीं पाई थी। हमने पीएम जनमन योजना बनाकर स्पेशल एफर्ट शुरू किया है। वो लोग जिन्होंने तीन-तीन, चार-चार पीढ़ी में घर नहीं देखा था, जिनका कोई अता-पता नहीं था, वो झुग्गी-झोपड़ी व फुटपाथ में जिंदगी गुजारते थे। ऐसे 4 करोड़ परिवार को हमने एड्रेस दिया है। और जब जिंदगी में घर का पता तय हो जाता है तो मंजिल का पता अपने आप बनने लगता है। हम ऐसे गाँवों में जाकर इन्हें अपने साथ जोड़ना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मेरे सामने 18 से 25 वर्ष के आयु के जवान, मेरे 2047 के सपने के सबसे बड़ी शक्ति का स्रोत है। इसलिए उन्हें विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए जोड़ना है, नेशन फर्स्ट के विचार से जोड़ना है। आज का युवा वर्ग नए भारत में नई आकांक्षाओं के साथ आगे बढ़ रहा है और हमें इन सपनों और महत्वाकांक्षाओं को पूरा करना होगा। ।•••

# विकसित भारत के स्वप्न को पूरा करने भाजपा से जुड़िए: जेपी नड्डा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों से भाजपा के "संगठन पर्व" राष्ट्रीय सदस्यता अभियान 2024 के शुभारंभ अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने केंद्रीय कार्यालय विस्तार में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के सदस्यता अभियान के सभी चरणों की जानकारी दी और सदस्यता अभियान को सफल बनाने का संकल्प दोहराया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मिस्ड कॉल के जरिये इस अभियान के तहत सबसे पहले भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान मंच पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।


राष्ट्रीय भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानसेवक होने के नाते प्रशासन की बारीकियों में दिन-रात व्यस्त रहते हैं, इसके बावजूद उनके लिए संगठन सर्वोपरि और सर्वप्रथम है। प्रधानमंत्री पार्टी के हर कार्य में अपना ध्यान लगाकर, पार्टी कैसे आगे बढ़ सकती है इसकी चिंता करते हैं। जब गृहमंत्री अमित शाह विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, तब उन्होंने सदस्यता अभियान को प्रथमिकता देते हुए कहा था कि हम संगठन के रास्ते और तरीके बदलेंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी में समावेशित किया जा सके। तब पहली बार डिजिटल सदस्यता देने का फैसला लिया गया था। उस समय पूरे 6 महीने तक सदस्यता अभियान चलाकर 10 करोड़ लोगों को पार्टी का सदस्य बनाया गया था।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने कहा कि इस बार के सदस्यता अभियान में भी 10 करोड़ से अधिक लोगों को शामिल किया जाएगा। भाजपा एक मात्र ऐसी पार्टी है जो संगठन के संविधान के अनुसार और प्रजातान्त्रिक तरीके से चलती है। भाजपा की 18 करोड़ लोगों की सदस्यता होने के बाद भी पार्टी के संविधान के अनुच्छेद 9 के तहत हर 6 साल में सदस्यता का नवीनीकरण कराना होता है, इस लिए सदस्यता अभियान पुनः शुरू हो रहा है। भाजपा एक अकेली ऐसी पार्टी है जिसमें प्रदेश, जिला, मण्डल, शक्ति केन्द्र और बूथ स्तर पर भी सदस्यता अभियान चलाने का कार्य होता है। भाजपा प्रजातान्त्रिक तरीके से पहले ही घोषित करती है कि किस चरण में और कैसे सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान पूरी तरह से पारदर्शी होता है, इसे घर में बैठकर नहीं किया जाता। सदस्यता का पहला चरण प्रधानमंत्री के कर कमलों से प्रारंभ हो रहा है जो 25 सितंबर तक चलेगा, दूसरा चरण 1 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 15 अक्टूबर तक चलेगा, उसके बाद भाजपा की सक्रिय सदस्यता 16 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 31 अक्टूबर तक चलेगी। भाजपा के संविधान के अनुसार एक सक्रिय सदस्य ही चुनाव में भाग ले सकता है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने कहा कि बीते महीने सदस्यता अभियान को लेकर हुई राष्ट्रीय कार्यशाला में अभियान को लेकर बारीकी से चर्चा की गई थी। 17 अगस्त को राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित होने के बाद 19 से 21 अगस्त तक सभी प्रदशों में प्रदेश स्तर की कार्यशाला आयोजित हुई हैं। 777 जिलों में जिला स्तर की कार्यशालाएं हो चुकी हैं और लगभग 11486 कार्यशालाएं मण्डल स्तर पर सम्पन्न हो चुकी हैं। बीते दिन 31 अगस्त को 4 लाख से अधिक बूथों पर भी कार्यशालाएं सम्पन्न हो चुकी हैं। कई राज्यों में बाढ़ आई है, कई राज्यों में आंदोलन चल रहे हैं, ऐसे राज्यों में सदस्यता अभियान कुछ देरी से प्रारंभ होगा लेकिन यह सतत चलने वाली प्रक्रिया है। भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता मिस कॉल से, व्हाट्सएप से, वेबसाइट से, क्यू आर कोड, नमो एप और पार्टी की पर्ची से भी दी जाएगी। इस तरह से भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान के संकल्प को पूरा करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विश्वास दिलाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जिस तरह से विकसित भारत के लक्ष्य को दिन-रात आगे बढ़ा रहे हैं, इस कार्यक्रम को साकार रूप देने में पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता अपना पूरा योगदान देगा और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगा। ●●●







भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

# कार्यकर्ताओं के संकल्प का कोई विकल्प नहीं: शाह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों से भाजपा के "संगठन पर्व" राष्ट्रीय सदस्यता अभियान 2024 के शुभारंभ अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा में कार्यकर्ता सिर्फ सदस्य नहीं है, बल्कि कार्यकर्ता एक जीवंत इकाई है, एक विचारधारा का वाहक है, कार्य संस्कृति का पोषक है तथा सरकार और संगठन के बीच में कड़ी का काम करते है, जिसके कारण सरकार हमेशा जनता से जुड़ी रहती है। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के साथ-साथ सबसे अनूठी पार्टी भी है। केवल भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो हर 6 साल में अपने सदस्यता अभियान को संचालित करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मिस्ड कॉल के जरिये इस अभियान के तहत सबसे पहले भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान मंच पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य पार्टी के अन्य नेता व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

गृहमंत्री श्री शाह ने कहा कि यह दिन सभी भाजपा कार्यकर्ताओं और देश भर में फैले हुए भाजपा के शुभ चिंतकों के लिए शुभ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सदस्यता लेते ही भाजपा के 2024 का सदस्यता अभियान एक बार पुनः शुरू हो जाएगा। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के साथ-साथ राजनीतिक दलों में सबसे अनूठी पार्टी भी है। आज भारत के राजनीतिक मानचित्र में 1500 से ज्यादा राजनीतिक दल हैं, मगर कोई भी राजनीतिक दल लोकतांत्रिक तरीके खुलेपन और सत्यतापूर्ण तरीके से हर 6 साल में अपने सदस्यता अभियान को संचालित नहीं करती है। श्री शाह ने कहा कि केवल भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जिसने इस परंपरा एवं संस्कृति को लेकर सदैव आगे बढ़ा है। भाजपा के कार्यकर्ता सदस्यता अभियान की शुरुआत से समापन तक फिर से पार्टी की सदस्यता लेंगे। भाजपा के कई शुभेक्षक पार्टी के कार्यकर्ता बनेंगे और धीरे-धीरे पार्टी में समाहित होंगे। भाजपा में कार्यकर्ता सदस्यता का अंग नहीं है, यहाँ कार्यकर्ता एक जीवंत इकाई है, एक विचारधारा का वाहक है, कार्य संस्कृति का पोषक है तथा सरकार और संगठन के बीच में कड़ी का काम करते है, जिसके कारण सरकार हमेशा जनता से जुड़ी रह पाती है। ।•••



## छत्तीसगढ़ में भाजपा सदस्यता अभियान का भव्य आगाज


# आपकी सदस्यता से हमारी शक्ति और बढ़ेगी: साय

भाजपा के संगठन महापर्व सदस्यता अभियान का शुभारंभ 3 सितंबर को पं दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को सबसे पहले भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने सदस्यता दिलवाकर इस अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय की सदस्यता की पर्ची प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने प्रदान की। पूर्व राज्यपाल रमेश बैस सहित मंचस्थ अतिथियों ने भी इसके बाद सदस्यता ग्रहण की। इसके बाद भाजपा के हजारों कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर विशेष तौर से भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण व राष्ट्रीय महामंत्री संगम लाल गुप्ता भी मौजूद थे।









भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## मजबूत राष्ट्र के लिए भाजपा एक मजबूत विकल्प : किरण देव

## भाजपा के कर्मयोगी कार्यकर्ता ही संगठन के आधार : डॉ. लक्ष्मण

## अंत्योदय अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का मजबूत माध्यम : साव




### हमें 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य पूरा करना होगाः साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे, इस सिद्धांत को लेकर भारतीय जनसंघ की नींव रखी गई थी। जनसंघ के इन्हीं आदर्शों पर चलते हुए, राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ भाजपा की शुरुआत हुई। उसी समर्पण और सिद्धांत के साथ भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है, जो राष्ट्रहित के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सदस्यता लेकर सदस्यता अभियान शुरू किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा की यात्रा जन संघ के रूप में शुरू हुई थी। सन् 1980 में भाजपा के गठन को लेकर अब तक की राजनीतिक यात्रा में भाजपा ने श्रद्धेय अटल जी और अब श्री मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाई है। आप सभी कार्यकर्ता गली-गली घर-घर पहुंचकर भाजपा का सदस्य बनाकर पार्टी को सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी बनाना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में अर्जित उपलब्धियां ने भारत को एक नई पहचान दी है। मोदी की गारंटी पूरी करके भाजपा की हमारे प्रदेश सरकार ने अपार जन विश्वास अर्जित किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा की सदस्यता अभियान भाजपा और देश को मजबूत बनाने का अनमोल अवसर है, और इसके लिए हम सब ज्यादा से ज्यादा समय देकर निर्धारित 50 लाख सदस्यता के लक्ष्य को पार करेंगे।



## सदस्यता अभियान 2024




### भाजपा एक मात्र दल, जहां आंतरिक लोकतंत्र हैः किरण देव



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कहा कि सदस्यता हमारी पार्टी का मूल आधार है। इस अभियान में पूरे देश के सभी वर्ग, समाज, आयु के लोग भाजपा से जुड़ने के लिए तत्पर है। इस निमित्त प्रदेश, जिला, मंडल स्तर पर कार्यशालाओं का ब्यौरा देते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री देव ने कहा की सदस्यता अभियान में वे अपना अधिक से अधिक समय दें और इस अभियान में तेजी से जुटें। भाजपा पार्टी विद डिफरेंस है। प्रदेशाध्यक्ष श्री देव ने सबसे अपील की है कि सभी पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मोर्चा-प्रकोष्ठ सदस्यता के लक्ष्य को रिकॉर्ड स्तर पर पूरा करें।

### हर संकल्प को पूरा करते हैं भाजपा कार्यकर्ता : अरुण साव

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि भाजपा सबसे बड़ा दल बनी है तो इसमें हमारी कई पीढ़ियां की तपस्या रही है। विचारधारा पर आधारित एकमात्र राजनीतिक दल भाजपा है। हमारी सरकारें अपने विचारों पर आधारित कार्य करती है। धारा 370 समाप्त करके पार्टी ने अपने विचार को पुष्ट किया है। गरीब कल्याण के लिए अंत्योदय की विचारधारा से प्रेरित होकर हम सब कार्य करते हैं। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि पार्टी ने अपनी विचारधारा



के लिए त्याग और तपस्या बलिदान किया। कार्यकर्ताओं ने आपातकाल की यातनाएं झेली हैं। भाजपा की विचारधारा के लिए पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में कार्यकर्ता जान जोखिम में डालकर कार्य कर रहे हैं। भाजपा सदस्यता अभियान के सर्वस्पर्शी हो यह अभियान केवल बीजेपी नहीं, बल्कि देश को मजबूत बनाने के लिए है।





## जिन्हें भगवान जनसेवा के लिए चुनते हैं वो भाजपा के ही होते हैं: बृजमोहन अग्रवाल



रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल में अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन हमारे लिए गौरवशाली है। क्योंकि हम विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के सदस्य बनने जा रहे हैं। हम भाजपा में इसलिए आए हैं क्योंकि भगवान ने हमें जन सेवा और देश सेवा के लिए भेजा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत बनाने आए हैं। भाजपा नेताओं की नहीं कार्यकर्ताओं की पार्टी है। सांसद श्री अग्रवाल ने सभी से अपील की है कि सदस्यता अभियान में हम सब योजना पूर्वक कार्य करके ज्यादा से ज्यादा समाज, वर्ग को भाजपा से जोड़ें।

## भाजपा जो कहती है वो पूरा करती है : डॉ. लक्ष्मण





भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण ने कहा कि हम भाजपा की सदस्यता देश और प्रदेश को मजबूत करने के लिए ले रहे हैं। भाजपा कैडर बेस्ड पार्टी है। हमने अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। हम जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं। धारा 370 हटाकर, राम मंदिर निर्माण कर, तीन तलाक कानून बनाकर हम अपने विचारों को साकार कर रहे हैं। वर्तमान में भाजपा पूर्वोत्तर के 6 राज्यों में भी सरकार चला रही है। हमारे लिए नेशन फर्स्ट हमारा मंत्र है। इसलिए 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा भाजपा के सदस्य बनाकर राष्ट्रवाद के विचार को मजबूत करें।

## हम सदस्यता का लक्ष्य पूरा करेंगे: अनुराग सिंहदेव



भाजपा सदस्यता अभियान प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव ने कहा कि पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान को लेकर मंडल से लेकर बूथ तक की तैयारी पूर्ण कर लिया गया है। हमें जो लक्ष्य मिला है उसे पूर्ण करेंगे। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के लिए पूरी टीम प्रदेश में जुटी हुई है। हम अपने संकल्प को पूर्ण करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। हमारे लिए यह संगठन का महापर्व है। जिसमें समाज का हर वर्ग जुड़ रहा है। हम सबका एक ही लक्ष्य है कि समृद्ध राष्ट्र के लिए एक मजबूत विकल्प के रूप में सबके बीच सदस्यता अभियान के माध्यम से जाना होगा। प्रदेश सदस्यता प्रभारी श्री सिंहदेव ने सबसे अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में भाजपा के सदस्य बनें। ।•••




संगठन का महापर्व है सदस्यता अभियान

# सदस्यता अभियान से संगठन और होगा मजबूत: अरुण सिंह

भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला हुई। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व केन्द्रीय कार्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने कहा कि यह संगठन का महापर्व है इसे उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाना चाहिए। इस समय राष्ट्र विकास के नई प्रतिमानों को स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम जिस संकल्प के साथ जुटे हुए हैं उसे पूरा करने के लिए हम सबको और मजबूती के साथ भाजपा के सदस्यता अभियान को सफल बनाना होगा। हमारे पुरखों ने जो सपना देखा था उसे पूरा करने का समय आ गया है। इस संकल्प के साथ सदस्यता अभियान में सहभागी बनें ताकि हमारा लक्ष्य पूरा हो सके।

### मजबूत छत्तीसगढ़ के लिए भाजपा से जरूर जुड़ें : विष्णुदेव साय


मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा सदस्यता अभियान हमेशा संगठनात्मक ढांचा को और मजबूत करने के लिए चलाया जाता है। अब यह अवसर आ गया है कि भाजपा से जुड़कर प्रदेश के विकास के लिए आप सब सहभागी बन सकते हैं। इस अभियान से जुड़कर अभियान को सफल बनाए। इसलिए हम सबको जमीनी स्तर में जुड़कर अभियान को सफल बनाना होगा। मजबूत छत्तीसगढ़ के लिए आप सब भाजपा से जरूर जुड़ें।

### प्रत्येक कार्यकर्ता सदस्यता अभियान में हो सहभागी : अजय जाम्वाल

क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जाम्वाल ने कहा कि चुनाव की व्यस्तता और महामारी के चलते हम कई वर्षों से यह पर्व नहीं मना पा रहे थे लेकिन अब यह सुअवसर आया है कि संगठन के इस महापर्व को हम लक्ष्यों के आधार पर पूरा करें। 1 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक अपने लक्ष्यों के लिए पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता जुट जाएं। हमारी सदस्यता की संख्या जितना अधिक होगी उतना ही हम मजबूत होंगे। इसलिए लक्ष्य तय कर बूथ से लेकर मंडल और जिला से लेकर प्रदेश तक हर कार्यकर्ता अपनी भूमिका सुनिश्चित करें।

### हम सबका एक मात्र लक्ष्य, मजबूत हो भाजपा : किरण देव

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कहा कि मजबूत राष्ट्र के लिए मजबूत भाजपा का अभियान जरूरी है इसके लिए सदस्यता अभियान एक जरिया हो



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

सकता है। जिससे सब जुड़कर यह अभियान सफल हो इसकी चिंता हम सबकों करनी होगी। सदस्यता अभियान कई चरणों में आयोजित की गई है। जिसके अनुसार हम सबको अभियान से जुड़ना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस विकसित भारत के स्वप्न को समाज सामने प्रस्तुत किया है। उसके आधार को मजबूत करने के लिए भाजपा से जुड़ना सबको जरूरी होगा।

### हर कार्यकर्ता सदस्य बनें, यही एक लक्ष्यः पवन साय

भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय ने कहा कि संगठनात्मक दृष्टि से सदस्यता अभियान को इन दो माह में पूरा करना है। लक्ष्य जब हमारे सामने विशाल होता है तो हमारी तैयारी भी बड़ी होती है और हम तन्मयता से जुड़ जाते हैं। अभी यह अवसर है कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता विभिन्न माध्यमों से सदस्यता अभियान के प्रक्रिया में शामिल होकर अभियान को सफल बनाएं।

### सबका एक संकल्प, सदस्यता अभियान सफल होः अनुराग सिंह देव

प्रदेश सदस्यता अभियान संयोजक अनुराग सिंह देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान को लेकर सारे तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है। हर स्तर पर प्रशिक्षण व कार्यशाला आयोजित की गई। प्रदेश में हमने भाजपा की सदस्यता को लेकर एक लक्ष्य तय किया है। जो सबके सहयोग से पूर्ण होगा। ।•••




## मोर्चा व प्रकोष्ठों की हुई बैठक

प्रदेश कार्यालय में मोर्चा व प्रकोष्ठ पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसे संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष किरण देव  ने कहा कि भाजपा देश का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है, जिसके कार्यक्रम और कार्ययोजना तय होती है। इसमें सदस्यता भी एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिससे आप सभी को पूरी मनोयोग से जुटना होगा। भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जाम्वाल ने कहा कि हमारे मूल हमारे प्राणों में हमारी पार्टी है पार्टी की मजबूती से हम सबकी मजबूती है। इसलिए पार्टी को मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक सदस्य बनाने की जरूरत है। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि दुनिया में जो वैचारिक आन्दोलन चल रहा है उसमें हम सबकी भूमिका महत्वपूर्ण है इसलिए सदस्यता अभियान में हिस्सा लेकर जो वैचारिक महायज्ञ चल रहा है इसमें सबकी पूर्णाहुति जरूरी है। केन्द्रीय शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि कार्यकर्ताओं की तपस्या से ही पार्टी मजबूत होती है। प्रत्येक कार्यकर्ता जब संकल्प के साथ जुड़ता है तब हमारे सारे अभियान सफल होते हैं। इसलिए आप सबकी सहभागिता से हम इस अभियान को और सफल करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि हर बूथ पर 200 कार्यकर्ता भाजपा के सदस्य बने यह लक्ष्य तय किया गया है। जिसे पूर्ण करने के लिए हम सबको जुटना होगा। हमारी जवाबदारी है कि सदस्यता अभियान में सबकी भागीदारी अधिक से अधिक हम सबको जुटना होगा। बूथ व मंडलवार अभियान सतत् जारी है।

### संभागवार हुआ सम्मेलन

सदस्यता अभियान को लेकर संभाग वार बैठकों का आयोजन किया गया। जिसमें रायपुर संभाग में क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जाम्वाल, कोण्डागांव, बस्तर में प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, बिलासपुर संगठन महामंत्री पवन साय, दुर्ग में प्रदेश सदस्यता संयोजक अनुराग सिंहदेव, सरगुजा संजय श्रीवास्तव शामिल हुए। इसके साथ ही जिला व मंडलवार बैठकें आयोजित की गई थी।

### प्रारंभ हुआ पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान

छत्तीसगढ़ के पाँच संभाग बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, बस्तर और सरगुजा के 35 संगठन जिलों में सदस्यता अभियान को गति दी जा रही है। 4 सितंबर को प्रदेश के सभी 35 जिलों और 6 सितंबर से मंडल इकाइयों में एकसाथ सदस्यता अभियान शुरू हुआ। बिलासपुर संभाग में 08 जिला व 119 मंडल इकाइयाँ, रायपुर संभाग में 06 जिला व 80 मंडल इकाइयाँ, दुर्ग संभाग में 08 जिला व 76 मंडल इकाइयाँ, बस्तर संभाग में 07 जिला व 57 मंडल इकाइयाँ और सरगुजा संभाग में 06 जिला व 73 मंडल इकाइयाँ शक्तिकेंद्र और बूथ स्तर तक जाकर प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने के लक्ष्य को लेकर सब जुटे हुए हैं। प्रदेश में कुल 23,681 बूथ हैं। ।•••



# प्रदेश की प्रगति को भाजपा ही देगी गतिः साय

भाजपा के संगठन महापर्व सदस्यता अभियान की शुरुआत मतदान केंद्रों में हुई। मतदान केंद्रों में सदस्यता अभियान की शुरुआत करने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के खम्हारडीह मंडल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के जगदलपुर मंडल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के माना कैम्प के टीटी कॉलोनी मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहे।


इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के अलग-अलग बूथों व शक्ति केंद्रों तक भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता अभियान से जुटे। इसी क्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने नेताजी सुभाष चंद्र वार्ड के मतदान क्रमांक 94 में आयोजित सदस्यता अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में संगठन के महापर्व की शुरुआत हो गई है। भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। आज से बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह सदस्यता अभियान दो महीने तक चलेगा। इसके लिए पूरी रूपरेखा तैयार की गई है। सदस्यता अभियान जिला, मंडल और बूथ स्तर तक चलाया जाएगा।



प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय रायपुर ग्रामीण विधानसभा के माना कैम्प में सदस्यता अभियान में शामिल हुए।

## हर बूथ पर हम और होंगे मजबूत : किरण देव

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कहा कि भाजपा राष्ट्र के निर्माण के लिये कार्य करती है। देश के वैभव को शिखर तक पहुंचाने अधिक से अधिक लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता को पचास सदस्य बनाने है और एक-एक बूथ में दो सौ सदस्य बनाना है। हर कार्यकर्ता, पदाधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बूथ स्तर तक पहुँच कर सदस्यता अभियान को बढ़ाना है। भाजपा के कार्यकर्ता लोगों के बीच जायें, घर-घर पहुँच कर संवाद स्थापित करें और भाजपा की ज्यादा से ज्यादा सदस्यता ग्रहण करवायें। भाजपा का बल कार्यकर्ता हैं और संगठन को मजबूती देने नये सदस्य बनाने कर्मठता से पूरी शक्ति लगायें। बूथ स्तर पर निवासरत लोगों से सदस्य बनने आग्रह किया और राष्ट्र की सतत सेवा में भाजपा से जुड़ कर कार्य करना होगा। हम सब बूथ में और मजबूत होंगे। ।•••


भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

# मातृशक्ति के संग हमेशा है भाजपा: रहाटकर

## सदस्यता अभियान कार्यक्रम में शामिल हुईं राष्ट्रीय सचिव विजया रहाटकर




महिला स्व सहायता समूह के तत्वावधान में रायपुर के वृंदावन हॉल में मातृ शक्ति संवाद कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम में भाजपा की राष्ट्रीय सचिव, महिला मोर्चा की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सदस्यता अभियान की प्रदेश प्रभारी विजया रहाटकर विशेष रूप से उपस्थित थीं। इस अवसर पर रहाटकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की मातृ-शक्ति ने भाजपा पर भरोसा करते हुए प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनाई है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही प्रदेश की विष्णु देव सरकार ने महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित करके महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया है। महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक सशक्तीकरण के लिए भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकारें प्रतिबद्ध हैं। महिलाओं की सुरक्षा के साथ-साथ उनके आत्म-सम्मान की चिंता भाजपा की प्राथमिकता है। भाजपा राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश सदस्यता प्रभारी रहाटकर ने अपील की कि महिलाओं को 8800002024 नंबर पर मिस्ड कॉल करवाकर अधिक से अधिक भाजपा का सदस्य बनाया। इस दौरान कार्यक्रम में महिला संगठन के सदस्यों ने भाजपा की सदस्यता ली। इस कार्यक्रम में महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं बड़ी सख्या में उपस्थित थीं।

### मातृ शक्ति हो भाजपा का हिस्सा : रूपकुमारी चौधरी


महासमुंद सांसद व सदस्यता अभियान की प्रदेश टीम की सदस्य श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि हमें अधिक से अधिक मातृ शक्ति को भाजपा से जोड़ने का संकल्प लेना होगा। जितना अधिक हम मातृ शक्ति को भाजपा से जोड़ेंगे उतना ही हम मजबूत होंगे। प्रदेश में हर जिला स्तर पर मातृ शक्ति को जोड़ने का हमने एक लक्ष्य रखा है। जिसके लिए हम सभी तत्परता से जुटे हुए हैं।

### सदस्यता के लक्ष्य को पूरा करने में जुटे हैं : राजपूत

महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालनी राजपूत ने कहा कि प्रदेश में हर जिले में महिला मोर्चा ने अपने लक्ष्य तय किया है। अधिक से अधिक संख्या में मातृ शक्ति भाजपा से जुड़ें। इसके लिए लक्ष्य निर्धारित करके हम जिलावार कार्ययोजना बना चुके हैं। महतारी वंदन योजना की वजह से महिलाओं का जुड़ाव भाजपा के साथ अधिक है और अधिक संख्या में अभियान से जुड़ रहे हैं।

# नक्सलवाद के खिलाफ कारगर लड़ाई जारी : शाह

## 631 माओवादी ने किया आत्मसमर्पण




केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार द्वारा वामपंथी उग्रवाद के विरुद्ध उठाए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह राजधानी रायपुर में आयोजित बैठक में शामिल होने आए थे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पिछले 8 महीने में जिस तरह वामपंथी उग्रवाद को खत्म करने के लिए प्रभावी रणनीति को लागू किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में नियद नेल्लानार योजना को वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में विकास के लिए मील का पत्थर माना जा रहा है। इस योजना के तहत 17 विभागों की 53 जनकल्याणकारी तथा 28 सामुदायिक योजनाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

केन्द्रीय गृहमंत्री श्री शाह ने कहा कि विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने पिछले आठ महीने में ही 147 वामपंथी उग्रवादियों को मार गिराया है। इस दौरान 631 वामपंथी उग्रवादी आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटे हैं। इसका श्रेय साय सरकार द्वारा संचालित नीतियों के बेहतर क्रियान्वयन को दिया जा रहा है। राज्य में पिछली सरकार के कार्यकाल में जहां सिर्फ 219 वामपंथी मारे गए, वहीं श्री विष्णु देव साय सरकार के आठ महीने में ही वामपंथी उग्रवादियों के लगातार एनकाउंटर तथा आत्मसमर्पण को बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में वामपंथी उग्रवादियों के मोर्चे पर कानून व्यवस्था के साथ ही गुड गवर्नेन्स के क्षेत्र में जिस तरह कार्य हुए हैं, उसे लेकर मुख्यमंत्री श्री साय की प्रशंसा की। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले आठ माह में श्री साय सरकार ने वामपंथी इलाकों में 33 सुरक्षा कैम्प स्थापित किए गए हैं। जल्द ही 16 और कैम्प स्थापित किए जाएंगे। इन सुरक्षा कैम्पों के माध्यम से पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच दूरी कम हुई है, इससे जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन भी बेहतर हुआ है।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने वामपंथी उग्रवाद की सप्लाई चेन और इसके वित्तपोषण पर समग्रता से प्रहार करने पर ज़ोर दिया। मोदी सरकार वामपंथी उग्रवाद के पूरे इकोसिस्टम को खत्म करने के प्रति कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों को मिलकर इस अभियान को विस्तृत तरीके से आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि हमें वामपंथी उग्रवाद की विचारधारा का समर्थन करने वालों से लड़ने के साथ ही अपनी बात विनम्रता और दृढ़ता के साथ समाज के सभी वर्गों को भी बतानी होगी। वामपंथी उग्रवाद के पीड़ित लोगों के भी मानवाधिकार हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को वामपंथी उग्रवाद से मुक्त करने का जो लक्ष्य हमारे सामने रखा है उसे प्राप्त करने के लिए हमें मिलकर इस अभियान को तीव्र गति से आगे ले जाना होगा। वामपंथी उग्रवाद एक राष्ट्रीय, मानवीय और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी समस्या है और हमें ये प्रयास करने चाहिए कि हम मार्च, 2026 में देश को इससे पूरी तरह से मुक्त घोषित कर सकें।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने सरकारी योजनाओं के शत-प्रतिशत सैचुरेशन का अभियान शुरू किया है। विकास के कामों की निगरानी करें जिससे सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत सैचुरेशन हो और इनका लाभ वामपंथी उग्रवाद प्रभावित अभावग्रस्त क्षेत्रों की जनता को हो। राज्यों को वामपंथी उग्रवाद के कारण निरक्षर रह गए लोगों की पढ़ाई के लिए नीति बनाने के साथ ही उनके रोजगार और प्रशिक्षण के लिए आईटीआई खोले गए हैं एवं कौशल विकास के प्रशिक्षण के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। ।•••



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

उद्घाटन

# अवैध नशे के कारोबार से नक्सलवाद को मिलता है बढ़ावा: अमित शाह

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के आंचलिक इकाई कार्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन किया। गृहमंत्री श्री शाह ने छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के परिदृश्य पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता भी की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, छत्तीसगढ़ के उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 2047 में भारत की आजादी के शताब्दी वर्ष में नशामुक्त देश का संकल्प अब हर देशवासी का संकल्प बनता जा रहा है। नशामुक्त भारत का संकल्प एक समृद्ध, सुरक्षित और वैभवशाली भारत के निर्माण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। ड्रग्स सिर्फ भारत की ही नहीं बल्कि एक वैश्विक समस्या है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत में ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई को शिद्दत, गंभीरता और एक संपूर्ण रणनीति के साथ लड़ेंगे तो हम इस लड़ाई को जीत सकते हैं। भारत में नारकोटिक्स का अवैध व्यापार राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ जुड़ा हुआ है। ड्रग्स के अवैध व्यापार से अर्जित धन आतंकवाद और वामपंथी उग्रवाद को बढ़ावा देता है और देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करता है। ड्रग्स से न सिर्फ देश की युवा पीढ़ी बर्बाद होती है बल्कि देश की सुरक्षा भी कमज़ोर होती है।

**केन्द्रीय गृह अमित शाह ने राजधानी रायपुर में नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के आंचलिक इकाई कार्यालय का किया ऑनलाइन उद्घाटन**

**मोदी सरकार हर राज्य में एनसीबी के कार्यालय की स्थापना कर राज्य सरकारों के सहयोग से नशे के कारोबार को समाप्त करेगी**

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सभी मिलकर नारकोटिक्स के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर आगे बढ़ें और प्रधानमंत्री मोदी के नशामुक्त भारत के संकल्प को पूरा करें। ये जोनल ऑफिस न सिर्फ राज्य बल्कि पूरे क्षेत्र में नारकोटिक्स पर नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि देश के हर राज्य में एनसीबी की उपस्थिति हो। मोदी सरकार हर राज्य में एनसीबी के कार्यालय की स्थापना कर राज्य सरकारों के सहयोग से नशे के कारोबार को खत्म करेगी।

## नशे के खिलाफ मिल रही लगातार सफलताएं

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 साल में एनसीबी की उपलब्धि बहुत अच्छी रही है। वर्ष 2004 से 2014 तक कुल 1,250 केस दर्ज हुए जबकि 2014 से 2024 तक के 10 साल में 230 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4,150 केस दर्ज हुए। 2004 से 2014 के बीच कुल 1,360 अरेस्ट हुए जो अब 6,300 हो गए हैं। इसी प्रकार, 2004 से 2014 के बीच 1 लाख 52 हज़ार किलोग्राम ड्रग्स पकड़ी गई जबकि 2014 से 2024 के बीच 257 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 5 लाख 43 हज़ार किलोग्राम ड्रग्स पकड़ी गई है। 2004 से 2014 के बीच ज़ब्त की गई ड्रग्स का मूल्य 5,900 करोड़ रूपए था जबकि 2014 से 2024 के बीच ज़ब्त की गई ड्रग्स का मूल्य 22,000 करोड़ रूपए है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक संगठित अप्रोच के तहत हम 10 साल में ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई को एक अंजाम तक पहुंचाने में सफल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नशामुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश के युवा और आम जनता के बीच मादक पदार्थों के खिलाफ जागरूकता पैदा करके इस लड़ाई को एक 'जन आंदोलन' बनाना होगा। ।•••



# नक्सल की पूरी नस्ल को 2026 तक हम खत्म कर देंगे : शाह

देश के गृहमंत्री **श्री अमित शाह** से हरिभूमि समाचार पत्र के संपादक **डॉ. हिमांशु द्विवेदी** ने विशेष बातचीत की, प्रस्तुत है साक्षात्कार के संपादित अंश।




**Q नक्सलमुक्त भारत बनाने का संकल्प कब तक पूरा होगा?**

**A** वामपंथी उग्रवाद से निपटने के लिए मोदी सरकार की रणनीति एकदम स्पष्ट रही है। हम इन क्षेत्र के लोगों को विकास की मुख्यधारा का हिस्सा बनाकर, उनके जनजीवन में बदलाव लाकर, युवाओं को विकसित और आत्मनिर्भर भारत के साथ जोड़कर इन क्षेत्रों से वामपंथी उग्रवाद को हमेशा के लिए समाप्त करना चाहते हैं। हमारी लड़ाई नक्सलवाद से है, जो गरीबी, विकास के साधनों का अभाव और अवसरों की कमी को अपना अस्त्र बनाकर युवाओं को हिंसा के रास्ते पर ले जाते थे। हमारी यह रणनीति आज सकारात्मक परिणाम लेकर आ रही है और मुझे पूरा विश्वास है कि मार्च 2026 से पहले देश पूरी तरह से वामपंथी उग्रवाद से मुक्त होने वाला है।

**Q क्या विकास पहुंचने से आम लोगों का विश्वास नक्सलियों में कम हो रहा है और अभी नक्सलियों के कब्जे में कितना क्षेत्र बचा है?**

**A** मेरा मानना है कि यदि इस देश में पहले की सरकारें नक्सलवाद से एकीकृत व समन्वित तरीके से लड़ रही होतीं, तो यह समस्या कब की समाप्त हो चुकी होती। परंतु दुर्भाग्य से पूर्व की अधिकतर सरकारों ने नक्सलवाद पर राजनीति की, यहां तक कि कई पार्टियों ने उन्हें पोषित भी किया। आज मोदी सरकार को इस लड़ाई में जो सफलता मिल रही है, उसका एक मुख्य कारण हमारी राजनीतिक इच्छाशक्ति, जीरो टॉलरेंस के साथ विकास के कार्य, जिससे आम लोगों का ऐसी विभाजनकारी ताकतों में आस्था का कम होना है। चाहे इन क्षेत्रों में 11,461 किलोमीटर सड़कें बनानी हो,90 वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों में बैंकिंग



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

**Q** **छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार को 8 महीने हो गया है। नई सरकार के काम को आप कैसे आंकते हैं?**

**A** छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार शपथ लेते ही एक्शन मोड में आ गई। प्रधानमंत्री मोदी जी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की जोड़ी ने एक के बाद एक जनकल्याणकारी काम शुरू कर दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना को कांग्रेस की राज्य सरकार ने रोककर रखा था,उसे भाजपा सरकार ने आते ही शुरू किया और 18 लाख परिवारों के लिए आवास स्वीकृत किए। 25 दिसंबर 2023 को सुशासन दिवस पर 13 लाख किसानों के बैंक खातों में 3700 करोड़ ट्रांसफर किए गए। कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की गई। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को हर माह 1 हजार दिए जा रहे हैं। तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक 4 हजार से बढ़ाकर 5500 प्रति मानक बोरा किया गया। युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए 50% सब्सिडी पर ब्याज मुक्त ऋण दिए जा रहे हैं। साथ ही योजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए 25 दिसंबर 2023 को सुशासन दिवस पर अटल मॉनिटरिंग पोर्टल काशुभारंभ किया गया। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 1 करोड़ 51 लाख 84 हजार पौधों का रोपण किया जा चुका है। ऐसे ढेर सारे काम हुए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने मोदी सरकार की सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत सेचुरेशन करने के लिए मार्च, 2025 का लक्ष्य रखा है। छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री का माओवादी कमांडर हिड़मा के गांव (पुवर्ती, सुकमा जिला) का दौरा और वहां ग्रामीणों को आधार कार्ड और आयुष्मान भारत कार्ड वितरण करना हमारे दृढ़ निश्चय और मोदी जी के प्रति जनता के विश्वास को दर्शाता है।

सेवाओं के साथ सुसज्जित 4903 नए डाकघर खोलने हों,पहले चरण में 4080 करोड़ की लागत से 2343 मोबाइल टावर और दूसरे चरण में 2210 करोड़ की लागत से 2542 मोबाइल टावरों की स्थापना के कार्य आदेश से संचार सुविधा को गति देना हो, इन क्षेत्रों के लिए 254 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों, जिनमें से 130 क्रियाशील हैं। इसके साथ-साथ 46 आईटीआई और 49 एसडीसीएस स्थापित करने हों, हमारी सरकार ने वामपंथी उग्रवाद के मूल कारण को ही समाप्त कर दिया है। आज सरकार के प्रयासों से नक्सली कुछ अंचलों तक ही सिमट कर रह गए हैं, जिनका जल्द ही पूर्णतया सफाया होने वाला है।

**Q** **केंद्र व छत्तीसगढ़ में आपकी सरकार है। क्या इससे नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ाई को और गति मिलेगी?**

**A** पहले तो मैं यह स्पष्ट कर दूं कि यह लड़ाई केंद्र या प्रदेश की नहीं, बल्कि देश की है और मुझे खुशी है कि केंद्र को कमोबेश इस लड़ाई में सभी राज्य सरकारों का सहयोग मिला है। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार होने से समन्वय निश्चित रूप से और बेहतर हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार वामपंथी उग्रवाद से लड़ने के लिए बेहतर केंद्र-राज्य समन्वय पर लगातार जोर देती रही है। हमने प्रभावित राज्यों को बिना भेदभाव के केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल बटालियन, हेलीकॉप्टर, प्रशिक्षण, राज्य पुलिस बलों के आधुनिकीकरण के लिए धन, उपकरण और हथियार, खुफिया जानकारी, फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन का निर्माण आदि के लिए मदद मुहैया करवाई। मोदी सरकार ने सिक्युरिटी रिलेटेड एक्स्पेन्डिचर योजना, स्पेशल इन्फ्रास्ट्रक्चर स्कीम के तहत 10 वर्षों में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों को 3006 करोड़ जारी किए गए। एसआरई के तहत धन के रिलीज़ में पिछले 10 वर्षों में 194% वृद्धि की गई। जल्द ही छत्तीसगढ़ सरकार नई आत्मसमर्पण नीति लाएगी जिससे युवा हथियार छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल हो सकेंगे।

**Q** **अभी नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में कितने कैंप्स सुरक्षाबलों द्वारा बनाए जा चुके हैं?**

**A** इस दिशा में लगातार काम जारी है। आंकड़ों की बात करें तो 2019 से लेकर अभी तक प्रभावित क्षेत्रों में 277 नए कैंप स्थापित किए गए हैं। साथ ही, इन क्षेत्रों में 14 नए जॉइंट टास्क फोर्स (जेटीएफ) कैंप खुले हैं और 6 बटालियन को अन्य राज्यों से निकालकर वामपंथी उग्रवाद के कोर क्षेत्रों में रि-डिप्लोयमेंट किया गया है।

**Q** **जो नक्सलवादी हथियार छोड़कर मुख्यधारा में आना चाहे, तो उनसे आपकी कोई अपील है?**

**A** देखिए, नक्सलवाद का प्रमुख कारण इस देश में सरकारों की नाकामी के लूपहोल्स थे। मैं भ्रमित हुए सभी युवाओं से कहना चाहता हूं कि आज मोदी सरकार आपके और आपकी आने वाली पीढ़ी की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और हर एक मौलिक जरूरत की पूर्ति की दिशा में कार्य कर रही है। यह देश हम सभी का है। आप सब हथियार त्याग कर मोदी सरकार की इस विकास यात्रा में सहभागी बनिए। हिंसा का कोई अंत नहीं है और इसके आग में आपकी पीढ़ियां झुलस गई हैं। अब उपेक्षा और तिरस्कार के दिन लद गए हैं। हमारी सरकार आपकी हर संभव मदद के लिए कटिबद्ध है। आइए, एकसाथ मिलकर आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण करें।

**Q** **नक्सलवाद की जन्मस्थली नक्सलबाड़ी नक्सलमुक्त हो गया, पर देश में नक्सलवाद फैलता रहा। इसके पीछे आप क्या कारण मानते हैं?**

**A** देखिए, किसी विचार की जन्मस्थली और अनुयायियों के बीच कोई इन्हेरेंट रिश्ता नहीं होता है। नक्सलबाड़ी में गरीबों पर जुल्म हुए, लोगों ने हथियार उठा लिए, लेकिन उन्हें यह समझ आने लगा कि हिंसा रास्ता नहीं है। वामपंथियों ने उसे एक अवसर के रूप में देखा और सरकार की नाकामी को माध्यम बनाकर अपने उल्लू सीधा किया। |•••




# सहकार से आएगी समाज में समृद्धिः शाह

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रायपुर में राज्य में सहकारिता के विस्तार से संबंधित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में पानी समिति के रूप में प्राथमिक कृषि साख समिति का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केन्द्रीय सहकारिता राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप उपस्थित थे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि के स्वप्न को साकार करने के लिए देश की हर पंचायत में एक सहकारी समिति का गठन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ सरकार को संपूर्ण जनजातीय विकास के लिए एक नई पब्लिक डेयरी योजना बनानी चाहिए, जो पैक्स, डेयरी और मात्स्यिकी सहकारी संस्था का काम करेगी।

श्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सभी 2058 'पैक्स' ने मॉडल बाय-लॉज को अपना लिया है। राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस का उपयोग छत्तीसगढ़ में ड्राई एरिया ढूंढने के लिए करना चाहिए, जिससे सहकारिता के विस्तार में मदद मिलेगी। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि कम्प्यूटराइजेशन होने के साथ ही हर 'पैक्स' को सीएससी बना देना चाहिए, जिससे 'पैक्स' द्वारा अनेक गतिविधियों का लाभ ग्रामीण जनता तक पहुंच सके।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री शाह ने कहा कि इथेनॉल उत्पादन के लिए एनसीसीएफ, नेफेड और राज्य के बीच अनुबंध होना चाहिए जिससे किसानों को मक्के की खेती के प्रति प्रोत्साहित किया जा सके। मक्के की खेती में लागत भी कम है और केन्द्र सरकार द्वारा किसानों का सारा मक्का अच्छे न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है। किसानों के कृषि उत्पाद की बिक्री के लिए 'पैक्स' द्वारा नेफेड और एनसीसीएफ पोर्टल पर शत-प्रतिशत पंजीकरण होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हर मंडी के हर व्यापारी, 'पैक्स' और सहकारी संस्था का खाता जिला सहकारी बैंक में खोलना अनिवार्य है। छत्तीसगढ़ में 4 सहकारी चीनी मिलें हैं, जिनमें से सिर्फ एक मिल में इथेनॉल उत्पादन प्लांट है। बाकी 3 सहकारी चीनी मिलों में 6 महीने के अंदर मल्टी-फीड इथेनॉल उत्पादन प्लांट लगाए जाएं, जिससे मक्का, गन्ना आदि से इथेनॉल उत्पादन किया जा सके, इसमें केन्द्र सरकार मदद करेगी। छत्तीसगढ़ में मक्के और दलहन की खेती को बढ़ावा देने की जरूरत है और इसके लिए राज्य के कृषि विभाग को पहल करनी चाहिए।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री शाह ने कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में कुल 6 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक हैं और निकट भविष्य में राज्य में 'पैक्स' के विस्तार को ध्यान में रखते हुए कम से कम 4 और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की स्थापना होनी चाहिए। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और जनजातीय लोगों के आर्थिक विकास के लिए व्होल ऑफ गवर्नमेंट एप्रोच के तहत राज्य सरकार के पशुपालन, कृषि, जनजातीय मामले और सहकारिता विभागों को मिलकर काम करना चाहिए। इस बैठक में सहकारिता के माध्यम से समाज में उत्थान हो इस पर चर्चा हुई।

सहकार से उद्धार



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

# सहकार के भाव से ही सर्व कल्याण संभव



**केदार कश्यप**

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, इसलिए सहकार तो उसके मूल्य में है लेकिन जब आर्थिक गतिविधियों की बात होती है तब मनुष्य स्वार्थी हो जाता है। जिनके पास पूंजी है वह तो पूंजी से पूंजी कमाकर आर्थिक दृष्टि से सक्षम हो जाता है किंतु जिसके पास पूंजी नहीं है वह क्या करे? ऐसे में सहकार से उद्धार का भाव ही सही प्रतीत होता है।

छत्तीसगढ़ के बारे में हमेशा कहा जाता है कि विकास की संभावनाएं प्रबल है और सहकारिता आधार हो सकता है। इस प्रदेश के लोग ऋषि और कृषि संस्कृति को मानने वाले हैं, प्रकृतिवादी हैं इसलिए जो प्रकृति से जीवनयापन के लिए मिल जाए संतुष्ट हो जाते हैं। लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के पीछे तात्कालीन प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी का सपना था कि यह क्षेत्र आर्थिक दृष्टि से भी प्रगति करे। राज्य में 15 साल की भाजपा की सरकार ने चहुंओर विकास की यात्रा प्रारंभ की थी, जिसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार आगे बढ़ा रही है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में स्थापित करना है। ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य उस महान यात्रा में कैसे पीछे रह सकती है। हाल में प्रदेश में सहकारिता को आधार बनाकर विकास की गति को बढ़ाने के लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बैठक कर एक कार्य योजना बनाई है।

छत्तीसगढ़ में 70 प्रतिशत लोग कृषि और वनों से अपनी आजीविका प्राप्त करते हैं। प्रदेश में किसानों की संख्या का 70 प्रतिशत सीमांत और छोटे किसान हैं जिनके पास औसत एक एकड़ की खेतिहर भूमि है। इसलिए केवल खेती पर ही आश्रित रहकर आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव नहीं ला सकता। भाजपा की सरकार में किसानों को सहकारी बैंकों के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण की सुविधा दी है। धान के उत्पादन को न्यूनतन समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियां 'पैक्स' के माध्यम से खरीद रही है। दुग्ध और मत्स्य पालन के क्षेत्र में भी सहकारिता के जरिए किसानों और गरीबों की आर्थिक समृद्धि के प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन अब सहकारिता के माध्यम से मैदानी क्षेत्र के साथ वन क्षेत्र में रहने वाले अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को भी सहकारिता से जोड़कर उनको आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की कार्य योजना बनाई जा रही है।

अभी प्रदेश में कुल 2058 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां पैक्स कार्यरत हैं, अब प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर बहुआयामी पैक्स/दुग्ध/मत्स्य सहकारी समिति का गठन दो वर्ष के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। केंद्र सरकार की जनजाति कल्याण विभाग के साथ समन्वय करते हुये राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और छत्तीसगढ सरकार के साथ एमओयू किया जाएगा, जिसके बाद प्रदेशवासी विशेषकर अनुसूचित जनजाति के लोगों को दुग्ध सहकारिता से जोड़ने की पहल की जा रही है। उनकी आर्थिक समृद्धि के लिये दुधारु पशु जैसे-गाय/भैंस पालन के लिए उन्हें प्रेरित और प्रोत्साहित किया जाएगा। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के माध्यम से ऋण सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी, ताकि आगामी पांच वर्षों में दुग्ध सहकारी समितियों के माध्यम से लाभ अर्जित कर आठ से दस पशुधन के मालिक बन सके एवं उस परिवार को आजीवन इसका लाभ मिलता रहे।


इस प्रकार प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होगी, इस दूध को सहकारी संघ के माध्यम से दुग्ध के विभिन्न उत्पादों का निर्माण किया जा सकेगा। गुजरात में 1960 के दशक में अमूल नामक एक सहकारी आंदोलन छोटे से गांव आणंद में शुरू हुआ, आज वह आंदोलन दुग्ध उत्पाद में वैश्विक ब्रांड बन गया है जिसका वार्षिक टर्नओवर 60 हजार करोड़ रुपए को पार कर गया है। छत्तीसगढ़ में इसी मॉडल पर काम शुरू किया जायेगा। कृषकों द्वारा उत्पादित दुग्ध के लिये पर्याप्त प्रशीतक केन्द्र एवं प्रक्रिया इकाइयां स्थापित की जाएंगी।

सहकारिता के माध्यम से अर्थव्यवस्था के विकास तथा इसका लाभ आमजन तक पहुंचाने कृषि, पशुपालन, मत्स्य, जनजाति विभाग के परस्पर समन्वय हेतु संबंधित विभाग के मंत्रियों तथा सचिवों की पृथक कमेटी बनाई जाएगी। प्रदेश में वर्तमान में केवल 6 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक संचालित हैं, सहकारिता के विस्तार और पैक्स की संख्या सभी जिलों तक बढ़ेगी तब जिला सहकारी बैंकों की संख्या भी बढ़ानी होगी। इसके साथ ही सहकारी बैंकों को तकनीकी दृष्टि से सक्षम बनाया जायेगा। राज्य के सभी 6 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंको की संबंद्धता सीजीटीएमएसई से सुनिश्चित करते हुए इंटरनेट बैंकिग सहित ई-बैंकिग सुविधाओं तथा आधार इनेब्लड पेमेंट सिस्टम सुनिश्चित किए जाएंगे।

सहकारिता के अन्य आयामों जैसे जैविक कृषि, बीज उत्पादन, मत्स्य आदि को मजबूत कर छत्तीसगढ़ में सहकारिता आंदोलन को गति दी जाएगी। छत्तीसगढ़ वन, खनिज, भूमि संसाधन के साथ परिश्रमी जनसंसाधन भी है। सहकार की भावना से जब कार्य प्रारंभ होंगे तभी जनता का आर्थिक उद्धार का मार्ग प्रशस्त होगा। |●●●

**(लेखक प्रदेश के वन एवं सहकारिता मंत्री हैं)**



# विभाजन की विभीषिका ने बंटवारे का दर्द दिया: शिवप्रकाश

भाजपा के तत्वावधान में आयोजित विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश उपस्थित थे। राजधानी रायपुर के मेडिकल सभागार में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म के आधार पर हुए भारत विभाजन विभाजन को लेकर कहा कि विभिन्न लोगों ने लिखा है कि इसके लिए 4 पात्र जिम्मेदार थे। पहला अंग्रेज थे। हमारे देश के ऊपर शासन करने वाले अंग्रेज इसके लिए दोषी थे। अंग्रेजों ने विभाजन का बीज बोया। हिन्दू-मुस्लिम के बीच दरार पैदा करके उन्होंने यह काम किया। विभाजन के लिए दूसरा पात्र मुस्लिम लीग जिम्मेदार था। मुस्लिम लीग ने प्रस्ताव पास किया था कि हमें भारत में नहीं रहना है, अलग देश चाहिए। गांधीजी के राष्ट्रभक्ति पर प्रश्नचिह्न नहीं है, लेकिन उन्होंने कहा था कि देश का विभाजन मेरी लाश पर होगा, लेकिन विभाजन हो गया और वह जीवित रहे। इस विभाजन का तीसरा पात्र है कांग्रेस। उस वक्त कांग्रेस का लचर और सत्ता प्रेमी नेतृत्व इसका कारण रहा और चौथा पात्र वामपंथ रहा।

भाजपा राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि विभाजन की विभीषिका के रूप में विभाजन की त्रासदी को याद करने और नई पीढ़ी को उससे अवगत कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 अगस्त 2021 से इस दिवस के आयोजन की परंपरा को शुरू

## विभाजन विभीषिका स्मृति में हुई विचार गोष्ठी


किया। हमारे देश का एक महाविनाशकारी विभाजन हुआ। उन्होंने कहा कि जो समाज, देश पीछे की ओर अपनी भूलों का स्मरण कर वर्तमान को सुधारते हुए भविष्य का एक सुनहरा चित्र प्रस्तुत करता है, भविष्य के सपने बुनने का काम करता है, वह समाज आदर प्राप्त करता है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्य अतिथि की आसंदी से सर्वप्रथम विभीषिका में प्राण गँवाने वाले सभी जनों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित दी। उन्होंने कहा कि भारत का विभाजन देश का विभाजन नहीं था यह मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक थी। विभाजन का दंश जो पीढ़ी ने झेला है, उसे आने वाली पीढ़ी कभी नहीं भूलेगी। यह कभी भूलना भी नहीं चाहिए। यह हम कभी नहीं भूलेंगे इसलिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की शुरुआत की है।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि इतिहास में इतनी बड़ी विभिषिका कोई दूसरी नहीं हुई होगी। हम आजादी का जश्न तो मानते हैं परंतु उस जश्न के साथ में करोड़ों लोगों के दुख पीड़ा जिन्होंने अपने जन्मस्थान को छोड़, अपनी जड़ों को छोड़, अपने परिवार को खोया, अपने परिवार के लोगों के साथ अत्याचार देखा है। शायद विश्व के इतिहास में इतनी बड़ी विभीषिका कोई दूसरी नहीं हुई होगी।

फिल्म कलाकार मुकेश खन्ना ने कहा कि आज राष्ट्र विरोधी ताकतों के इरादों को पहचानने की आवश्यकता है। कुछ बातें ऐसी होती है जिन पर विचार करने के लिए हम विवश होते हैं। 14 अगस्त को जब देश का बंटवारा हुआ था, क्या देश राजनीति में धर्म के आधार पर बंटता है? पाकिस्तान बना, पर हिंदुस्तान कहां है। देश राजा के लिए नहीं होता, राजा देश के ले होता है। ■





भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

# तिरंगा हमारी अस्मिता की प्रतीकः साय




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मौजूदगी में रायपुर के इंडोर स्टेडियम में जोहार तिरंगा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया है। इस मौके पर देश के प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर एवं साथियों ने देशभक्ति गीतों की सुरमयी प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा इससे पूर्व 'जोहार तिरंगा' कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 'जोहार तिरंगा' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देश में तिरंगा सप्ताह मनाया, जो 9 अगस्त से 15 अगस्त तक चला। इसी कड़ी में इंडोर स्टेडियम में जोहार तिरंगा कार्यक्रम का यह गरिमामय आयोजन किया गया। हर घर तिरंगा अभियान की कड़ी में तिरंगा सप्ताह के दौरान देशभर और छत्तीसगढ़ में देशभक्ति पर आधारित कार्यक्रम किए गए। छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी संस्थानों, और गाँव-गाँव के स्तर पर तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा प्रतिज्ञा, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा मेला जैसे अनेक आयोजन किए गए।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से हर घर तिरंगा फहराने का आव्हान किया था। उन्होंने कहा कि भारत के लाखों वीर सपूतों की कुर्बानी के बाद हमें आजादी मिली, हमारा तिरंगा मिला हमें इसे सहेज के रखना हैं।



इस दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीयता किसी भी देश के प्राण और उसकी आत्मा होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश वासियों से आजादी के जश्न के लिए स्वतंत्रता सप्ताह मनाए और हर घर तिरंगा की अपील की है। हमें देशभक्ति के उत्साह के साथ तिरंगा सप्ताह और स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। तिरंगा अभियान के प्रभारी व महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि पूरे प्रदेश में तिरंगा उत्सव हर जिला व 405 मंडलों में उत्साह से साथ मनाया गया। पार्टी पदाधकारी, कार्यक्रर्ता व आमजन इस कार्यक्रम में शामिल हुए। जगदलपुर व अंबिकापुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ।•••

सावन उत्सव




# सावन उत्सव मातृ पूजन का अवसर : विष्णु देव साय

भाजपा महिला मोर्चा ने प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में हरियर सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय थे। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य द्वय सुनीता दुग्गल व पूजा विधानी ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि नारी का सम्मान सर्वत्र हो हमारी परम्परा रही है। विश्व में भारत एकमात्र देश है, जो अपनी भूमि को माँ का दर्जा देकर भारत माँ के रूप में देश की पूजा करता है। छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना करके हम मतृ शक्ति की पूजन करते हैं। छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद ममतामयी मिनीमाता का भी पुण्यस्मरण किया और कहा कि भाजपा ने महिलाओं के राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण के लिए अनेक योजनाओं और कार्यक्रमों पर काम कर रही है। महिला मोर्चा के इस आयोजन की सराहना करते हुए श्री साय ने कहा कि यह कार्यक्रम मातृ-शक्ति की ओर से प्रकृति-वंदन है। श्री साय ने महिला मोर्चा को इस आयोजन के लिए बधाई देते हुए उपस्थित जनों को अभिवादन किया।

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पांडेय ने महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि विपक्ष के दिनों में अक्सर धरना-प्रदर्शन और आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाली महिला मोर्चा की बहनों को आज सांस्कृतिक कार्यक्रम में भागीदारी लेते देख बहुत अच्छा लग रहा है।

**मातृ शक्ति हमेशा वंदनीयः सरोज पांडेय**


**हमारी भागीदारी व जिम्मेदारी दोनों हैः सुनीता दुग्गल**

**महतारी वंदन ऐतिहासिक योजना हैः लक्ष्मी राजवाड़े**

प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि हम सब महिला मोर्चा की बहनों को सदैव राजनैतिक भूमिका में देखते रहे हैं और आज सावन उत्सव में हमारी बहनों का अलग ही रूप देखने को मिल रहे है।

वरिष्ठ विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह ने कहा कि हम और हमारी पीढ़ी ने संसद में महिला आरक्षण बिल पारित होते अपनी आँखों से देखा है, इसके हम साक्षी बने हैं, यह हमारे लिए सौभाग्य का विषय है। महिलाओं को जिस तरह से सदन में अधिकार और सम्मान मिल रहा है, वह बहुत ही गर्व की बात है।

भाजपा महिला मोर्चा के इस आयोजन में विविध स्पर्धाएँ भी रखी गईं। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष द्वय सरला कोसरिया व लक्ष्मी वर्मा, भाजपा प्रदेश महामंत्री द्वय संजय श्रीवास्तव व जगदीश (रामू) रोहरा, पूर्व मंत्री रामशिला साहू, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री चंपादेवी पावले, विभा अवस्थी, उपाध्यक्ष मीनल चौबे, डॉ. ममता साहू समेत पूरे प्रदेश के कई जिलों से आईं माता-बहनें उपस्थित रहीं।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...




# तीजा-पोरा तिहार हमारी संस्कृति के आधार: साय

## परंपराओं का प्रदेश है हमारा छत्तीसगढ़ : साव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के रायपुर स्थित निवास में छत्तीसगढ़ का पारंपरिक तिहार तीजा, पोरा धूमधाम से मनाया गया। 'विष्णु भैया संग तीजा-पोरा महतारी वंदन तिहार' के भव्य आयोजन में शामिल होने मुख्यमंत्री निवास में बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची। तीजा-पोरा, महतारी वंदन तिहार के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश की 70 लाख माता-बहनों के खाते में महतारी वंदन योजना की सातवीं किश्त के रूप में एक-एक हजार रूपए की राशि का भुगतान ऑनलाइन डीबीटी मोड के जरिए किया। महतारी वंदन योजना के तहत आज सातवीं किश्त में 70 लाख महिलाओं को 653 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया। इसे मिलाकर अब तक 4578 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश में राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ कर महिलाओं को पोषण माह की शपथ भी दिलाई। श्री साय ने मुख्यमंत्री निवास से सुपोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एवं राष्ट्रीय पोषण माह के पोस्टर का विमोचन भी किया। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्यमंत्री श्री साय ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में तीजा मनाने आईं माता-बहनों को तीजा की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह बहुत खुशहाली का अवसर है। मेरे बुलावे पर प्रदेश के सभी जिलों से बहनें यहां आईं हैं, मैं आप सभी का स्वागत करता हूं। तीजा में सुहागन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु जीवन की कामना लेकर शिव-पार्वती की पूजा करती हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पोरा तिहार छत्तीसगढ़ की परम्परा में किसानों और पशु प्रेम को समर्पित है। जो माता-बहनों के लिए सबसे बड़ा पर्व माना जाता है। आज हमने माता, बहनों को महतारी वंदन योजना की सातवीं किश्त जारी कर दी है। हम हर माह के पहले हफ्ते में महतारी वंदन योजना के अंतर्गत एक-एक हजार रूपए का अंतरण उनके खातों में करते हैं। मुख्यमंत्री ने इस भव्य आयोजन के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और उनकी पूरी टीम को बधाई दी।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने न्यौता देकर हमें तीजा, पोरा मनाने अपने घर पर बुलाया है। तीजा, पोरा का त्यौहार छत्तीसगढ़ की परंपरा का त्यौहार है। पोरा के आते ही बहनें राह तकती रहती है कि भाई तीजा लिवाने कब आएंगे, बहनों के होठों पर मुस्कान और चेहरे पर चमक होती है।

वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुखिया ने हमें तीजा, पोरा के अवसर पर अपने घर आमंत्रित किया है। बड़े हर्ष का विषय है कि छत्तीसगढ़ में विष्णु की पालनहारी सरकार है जो सभी के हित में सोचती है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने तीजा, पोरा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हम सभी तीजा, पोरा मनाने मुख्यमंत्री निवास आए हैं। हमारे मुख्यमंत्री श्री साय छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्व तीजा, पोरा को धूमधाम से मना रहे हैं, हम सब उनका धन्यवाद करते हैं।

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि महिलाएं इस दिन शंकर-पार्वती की पूजा करते हैं। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत आज बहनों को एक-एक हजार रूपए मिल गया है, उनके चेहरे पर खुशी दिख रही है। ।•••

# हमेशा कांग्रेस को भ्रष्टाचार पसंद है : देव

## घोटाले का 'पोलिटिकल मास्टर' कौन था, सब जानते हैं : विजय बघेल



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा है कि शराब घोटाले पर पिछले दिनों आए माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर के एक महत्वपूर्ण फैसले में कांग्रेस की तात्कालीन सरकार द्वारा किए घोटाले की कलई एक बार और खोल दी है। इस फैसले से भाजपा द्वारा इन अपराधियों के विरुद्ध लगाए गए सभी आरोपों की एक बार फिर से पुष्टि हुई है। बिलासपुर उच्च न्यायालय में दायर याचिकाओं में छह याचिकाएं ईडी के खिलाफ, जबकि सात याचिकाएं ईओडब्ल्यू व एसीबी के खिलाफ दायर की गई थीं। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने ईडी, एसीबी, ईओडब्लू आदि की जांच आदि के काम में किसी भी तरह की अनियमितता के तमाम आरोपों को ख़ारिज कर दिया है, इससे यह एक बार फिर यह साबित हुआ है कि कांग्रेस अपने अपराधों को छिपाने के लिए लगातार एजेंसियों पर हमलावर थी।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री देव ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि ईओडब्ल्यू द्वारा दर्ज एफआईआर और विवेचना को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गयी थी। कुल 13 याचिकाओं में दो हजार करोड़ रुपये के शराब घोटाला मामले में ईडी की पुनः की जा रही कार्रवाई और ईओडब्ल्यू व एसीबी की ओर से दर्ज एफआईआर को चुनौती देते हुए उन्हें खारिज करने की मांग की गई थी, जिसे एक साथ खारिज करते हुए अपने आदेश में उच्च न्यायालय ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि एक संगठित अपराध की तरह इस घोटाले को अंजाम दिया जा रहा था, ऐसा लग रहा है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने अपने आदेश दिनांक 20 अगस्त, 2024 द्वारा आरोपियों द्वारा दायर सभी याचिकाओं को खारिज कर यह टिप्पणी की गई है कि संबंधित एफआईआर के अवलोकन से, यह नहीं कहा जा सकता है कि याचिकाकर्ताओं के खिलाफ कोई भी प्रथम दृष्टया अपराध का खुलासा नहीं किया गया है। जांच के दौरान एकत्र की गई सामग्री से पता चलता है कि अभियुक्तों या याचिकाकर्ताओं द्वारा किए गए अपराधों की प्रकृति से राज्य के खजाने को भारी वित्तीय नुकसान हुआ है और अपराध की अनुमानित आय लगभग 2,161 करोड़ रुपए है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री देव ने इस पूरे मामले की चर्चा करते हुए कहा कि एफआईआर के अनुसार आबकारी विभाग की मुख्य जिम्मेदारियां शराब की आपूर्ति को विनियमित करना, जहरीली शराब की त्रासदियों को रोकने के लिए उपयोगकर्ताओं को गुणवत्तापूर्ण शराब सुनिश्चित करना और राज्य के लिए राजस्व अर्जित करना है। लेकिन आपराधिक सिंडिकेट ने इन उद्देश्यों पर पानी फेर दिया है। शराब नीति को अपनी सनक और पसंद के अनुसार व्यवस्थित रूप से बदल दिया है और अपने लिए अधिकतम व्यक्तिगत लाभ उठाया है। चूँकि कांग्रेस शासनकाल में सीएसएमसीएल का प्रबंधन बदल गया और यह सिंडिकेट के हाथों में एक उपकरण बन गया, जिसने इसका इस्तेमाल समानांतर व्यवस्था को लागू करने के लिए किया। इस सिंडिकेट में राज्य के वरिष्ठ नौकरशाह, राजनेता, उनके सहयोगी और उत्पाद शुल्क विभाग के अधिकारी शामिल हैं। फरवरी, 2019 में, आईटीएस अधिकारी को सीएसएमसीएल का नेतृत्व करने के लिए सिंडिकेट द्वारा चुना गया था और बाद में, मई, 2019 में, उन्हें संगठन का प्रबंध निदेशक बनाया गया था।

दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि एक मोटे आकलन के अनुसार पचास हज़ार करोड़ से अधिक का घोटाला अपने पांच सालों के शासन में कांग्रेस ने किया। इसके सरग़ना निस्संदेह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे, जिन्हें एजेंसियों ने 'पोलिटिकल मास्टर' कहा है। प्रदेश की जनता के संसाधनों को लूट कर 10, जनपथ का एटीएम बनाने की सजा कांग्रेस को अवश्य मिलेगी। कोई भी हथकंडा कांग्रेसी अपराधियों को बचा नहीं सकती है। कांग्रेस लाख अराजकता फैलाने की साजिशें रच ले, किंतु कानून के हाथ इनके गिरेबाँ तक पहुँचे बिना नहीं रहेंगे। जनता को न्याय दिलाने, उनके संसाधनों को लूटने वालों कोजेल के सीखचों के पीछे पहुँचने से जॉर्ज सोरोस या राहुल गांधी समेत दुनिया को कोई ताक़त उन्हें रोक नहीं सकती। श्री देव ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार विश्व की शायद एकमात्र सरकार थी जिन्होंने अपने राजस्व पर संगठित तरीके से डाका डाला। भाजपा महिला मोर्चा ने मई 2023 में इस मामले को लेकर पूरे प्रदेश में चक्का जाम भी किया था। ●●●

# सभ्यता और असभ्यता का फर्क

-पंकज कुमार झा





ता रीख में कुछ चीजें अक्सर 'प्रतीक' हो जाया करती हैं। 11 सितम्बर का दिन वैसा ही एक प्रतीक है। 9/11 को दुनिया एक ऐसे दिन के रूप में जानने लगी है जहां इसाईयत पर अनेक 'आक्रमण' हुए थे। पहला तो सनातन की तरफ से ही था। दूसरा इस्लाम की ओर से।


विश्व में जब भी 'मत विशेष की श्रेष्ठता' स्थापित साबित करने के लिए विमर्श-संघर्ष होगा, तो मानवता सदा ही इस दिनांक को याद रखेगा। सभ्यताओं के संघर्षों के सातत्य में यही दिन आपको अंतर भी बतायेगा मतावलंबियों के बीच का। बताएगा कि मृदु जुबान को अहिंसक 'हथियार' बना कर किया गया कोमल और प्यारा सा 'आक्रमण' कैसा होता है, और तलवार के बल पर किस तरह बात मनवाने की जिद् में इंसानियत तहस-नहस हो जाती है!

जी हां.. पहला 'हमला' समुद्र के रास्ते एक सनातन संन्यासी ने किया था। काषाय वस्त्रों में सात समंदर पार नरेन पहुंच गये थे, एक ऐसे धर्म संसद को सम्बोधित करने शिकागो, जहां वे अपेक्षित ही नहीं थे। वे क्या, उनका धर्म भी शायद तब उसी तरह अवांछित था वहां, जैसे दक्ष के यज्ञ में शिव अनामंत्रित थे।

11 सितम्बर 1893 का दिन था वह। मुखमंडल पर अगाध तेज ओढ़े वह यति, भोग को ही तपस्या समझने वालों के बीच था। 'त्याग के मारे' द्वारा 'मेरे प्यारे बहनों और भाइयों' उच्चारित करते ही विवेक के आनंद से आप्लावित हो गया था पश्चिम। करतल ध्वनि ने सदा के लिये इतिहास लिख दिया था। अगले दिन वहां के अखबार 'न्यूयॉर्क हेरॉल्ड' ने लिखा - 'इसमें कोई संदेह नहीं कि धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद सबसे महान व्यक्तित्व हैं। उन्हें सुनकर लगता है कि भारत जैसे ज्ञानी राष्ट्र में ईसाई धर्म प्रचारक भेजना मूर्खतापूर्ण है। वे यदि केवल मंच से गुजरते भी हैं तो तालियां बजने लगती हैं।' कट-2

**न्यूयार्क की एक सुबह**!

ठीक 108 वर्ष के बाद, 9/11 का ही दिन था। हमलावर इस बार मध्यपूर्व से आये थे विमान को हथिया, उसे ही हथियार बनाकर। इस बार भी हमला सभ्यता पर ही किए जाने की कोशिश थी। जमींदोज हो गया था ईसाई साम्राज्य के व्यापारिक अभिमान का प्रतीक जुड़वां मीनार, हजारों चीत्कारों के मध्य कट्टरवाद कुछ क्षण के लिए अपनी रवायत के अनुसार ही रक्त के सागर पर अपनी श्रेष्ठता साबित कर चुका था...



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

आगे की बातें इतनी पुरानी भी नहीं है कि दुबारा लिखना पड़े। सागर के रास्ते सौहार्द और सौमनस्यता के दो फूल लेकर जाने वाले सनातन वैरागी का यश आज सवा सौ साल बाद भी आकाश तलक को सुवासित कर रहा है। इसके उलट शैतानी सभ्यता का अगुआ दशक भर में ही अपने शव के लिए दो गज जमीन का मुहताज हो गया। सागर ही जिसका कब्र हो गया। श्रद्धा के दो फूल भी उसे नसीब नही हुए थे।

ऐसा हर 9/11 हमें सभ्यताओं का यह अंतर बताता रहेगा। स्वामी और ओसामा का यह अंतर ही दोनों मतों के बीच का अंतर भी है। 'सह-अस्तित्व' और 'हमीं-हम' के इसी अंतर को, सागर जैसी विशालता और आकाश जैसे अभिमान के बीच के इस अंतर को मानवता सदा स्मरण रखेगा। तुम्हीं तुम हो तो क्या तुम हो!

हालांकि सत्य कहें तो यह सभ्यताओं के बीच का अंतर है ही नही। मूलतः यह अंतर सभ्यता और असभ्यता के मध्य का है। 11 सितम्बर इसी अंतर को सदा सर्वदा अंतर में विराजमान रखेगा। निश्चय ही!

आश्चर्यजनक ढंग से 11 सितम्बर को ही संत विनोबा जी का भी प्राकट्य दिवस आता है। सभ्यता ने वास्तविक अहिंसा और संतत्व का इससे बड़ा अग्रदूत आज तक नहीं देखा है। विनोबा जी सभ्यता के काफी अंडररेटेड संत हैं, अन्य ऑवर रेटेड महात्माओं के अपेक्षाकृत।

11 सितम्बर को ही वर्तमान सनातन के सर्वोच्च भारसाधक, सबसे बड़े दायित्ववान, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत जी के जन्मदिन का भी संयोग आना उसी नैसर्गिक प्रतीक की एक कड़ी है, जिसका वर्णन ऊपर है।

अनन्य अशेष शुभकामनाएँ। ।•••

## इतिहास के पन्नों में 11 सितम्बर

| 1893 | 1895 | 1906 | 1950 | 2001 |
|---|---|---|---|---|
| शिकागो में स्वामी विवेकानंद का उद्बोधन। | संत विनोबा भावे का जन्म। | जोहानिसवर्ग, द. अफ्रिका में भारतीयों को गांधी द्वारा 'सत्याग्रह' का मंत्र देना। | संघ प्रमुख मोहन भागवत जी का जन्म। | इस्लामी आतंकियों द्वारा अमेरिका के डब्ल्यूटीसी पर विमान से हमला। |

# रामलला दर्शन योजना के सब हो रहे हैं सहभागी : वर्मा




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर शुरू की गई श्री रामलला दर्शन योजना के तहत चलाई जा रही विशेष ट्रेन से 850 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। रायपुर रेल्वे स्टेशन पर प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। ट्रेन में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए भक्तिमय माहौल में श्री रामलला के दर्शन को जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रामलला दर्शन योजना से सभी को जोड़ने का आह्वान किया था। प्रदेश की जनता इस योजना के माध्यम से लगातार अवध पहुंचकर रामलला के भव्य स्वरूप का दर्शन कर रही है। जिसके लिए प्रदेश मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## ट्रांसफर, टेंडर व टिकट को समर्पित रही कांग्रेसी सरकार: रोहरा

भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार थी। जब प्रदेश का विकास थम गया था। लेकिन अब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विकास समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। तो कांग्रेस की पूरी पलटन विचलित है। इस देश की इतिहास में कांग्रेस ने क्या किया है किसी से छिपा नहीं है। प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार था तब उन 1800 दिनों में एक भी विकास का कार्य नहीं हुआ। केवल कांग्रेस की सरकार ट्रिपल टी के फॉर्मूले पर काम करती रही है। ट्रांसफर का उद्योग चलता रहा। टेंडर का खेल होता रहा और टिकट को लेकर चुनाव से पहले और चुनाव के बाद जो विवाद हुआ है वह सबके सामने है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा विकास की तस्वीर बदल रही है। हमने 15 वर्षों में जिन कार्यों के माध्यम से विकास किया था, उन्हीं योजनाओं के जरिए हम समृद्ध छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने में जुटे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य को हमने ही बनाया है। हमारी संवेदनाओं की राज्य है जिसे हम ही संवारेंगे। जिसके लिए जनता ने हमें विशाल जनमत दिया है।



## भूपेश हिंदू भावनाओं का उपहास कर रहे हैः मूणत



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता, विधायक व पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विल्व पत्र और भगवान शंकर को जल चढ़ाने की आस्था का सरेआम उपहास उड़ाने के लिए कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि इससे श्री बघेल और कांग्रेस का हिन्दू और सनातन विरोधी चरित्र बेनकाब हो गया है। हिन्दू विरोधी मानसिकता बघेल को अपने पिता से ही विरासत में मिली है।

श्री मूणत ने कहा कि राजनीतिक लाभ बटोरने के लिए राम, सीता और माता कौशल्या के नाम पर पाँच साल तक पाखंड का प्रदर्शन करते रहे हैं। उनका हिन्दू व सनातन विरोधी असली राजनीतिक चरित्र जगजाहिर हो गया है, जिसकी पोषक कांग्रेस शुरू से रही है और अब कांग्रेस से जुड़े इंडी गठबंधन के नेता भी इसी भाषा में देश के बहुसंख्यक समाज की आस्था और भावनाओं का सरेआम उपहास उड़ाने का दुस्साहस कर रहे हैं। उनके बयान से शिवभक्तों में भारी आक्रोश है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री मूणत ने एक कार्यक्रम के वायरल वीडियो, जिसमें बघेल भगवान शंकर को अर्पित किए जाने वाले जल व विल्व पत्र चढ़ाने का भद्दे ढंग से उपहास उड़ाते देखे-सुने जा रहे हैं, का हवाला देकर कहा कि बघेल के पिता का पूरा जीवन हिन्दुओं के देवी-देवताओं और सनातन संस्कृति पर अनर्गल टिप्पणियाँ करने में बीत गया और मुख्यमंत्री रहते हुए भी बघेल इन टिप्पणियों पर मौन साधे बैठे रहे। हमेशा कांग्रेस सनातनी समाज का उपहास करती रही है। भूपेश बघेल भी पीछे नहीं हैं।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## कांग्रेस सरकार में विकास ही अवकाश पर था : शर्मा



भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने नवा रायपुर (अटल नगर) में नामकरण के लिए गठित समिति को लेकर कांग्रेस पीसीसी चीफ दीपक बैज के बयान को राजनीतिक शर्मिंदगी बताते हुए तीखा हमला बोला है। श्री शर्मा ने कहा कि पहले विधानसभा की करारी हार, फिर लोकसभा में टिकट कटने से बौखलाए बैज अब प्रदेशाध्यक्ष पद से चला-चली की बेला को भाँपकर जिस तरह की बयानबाजी कर अपने नंबर बढ़ाने की चेष्टा करने में लगे हुए हैं, उससे उनकी विचलित मनोदशा का स्पष्ट संकेत मिल रहा है।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि नामकरण को लेकर अपनी राजनीतिक ऊर्जा खपाने के बजाय बैज को तो अपने शासनकाल के इतिहास को खंगालने में समय का निवेश करना चाहिए और साथ ही यह तथ्य हमेशा ध्यान में रखना चाहिए कि जिस नवा रायपुर में नामकरण को लेकर ओछी बयानबाजी करके अपने साथ-साथ कांग्रेस की जगहँसाई बैज करा रहे हैं, उस नवा रायपुर की परिकल्पना को भाजपा की पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार ने न केवल साकार किया, अपितु विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना से सँवारने का काम किया। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के लोगों को हर बात में ओछी राजनीति करने की ऐसी बुरी लत लग गई है कि अपने शासनकाल के नाकारापन पर उन्हें जरा भी शर्म महसूस नहीं होती। कांग्रेस की भूपेश सरकार के कार्यकाल में विकास के नाम पर एक ईंट तक नहीं रखी गई।

# बेटियां बढ़ेंगी तो विकास गढ़ेंगी : तोखन साहू



केंद्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू शासकीय माध्यमिक विद्यालय तिफरा में आयोजित शिक्षक दिवस एवं साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि बेटियां बढ़ेंगी तो विकास गढ़ेंगी। इसलिए बेटियों की शिक्षा जरूरी है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि हमेशा हम बालिका शिक्षा के लिए हम संवेदनशील रहे हैं। बेटियों की शिक्षा से विकसित भारत की सपने को हम जल्द पूरा करेंगे।

# दिव्यांगजन समाज का अहम हिस्सा : डॉ. खटीक



केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार खटीक ने राजनांदगांव के ग्राम ठाकुरटोला में दिव्यांगजन कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने सीआरसी के पुराने भवन का भी अवलोकन किया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े व सांसद संतोष पाण्डेय मौजूद थे। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि देश में दिव्यांगजनों के पुनर्वास एवं विशेष शिक्षा के लिए 10 राष्ट्रीय संस्थान तथा 25 सीआरसी चलाये जा रहे हैं। यह प्रदेश का पहला सीआरसी सेंटर राजनांदगांव में पुराने भवन में संचालित है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नये भवन का निर्माण कराया गया है।

# केंद्रीय कार्यालय में हुई सदस्यता अभियान की प्रगति पर समीक्षा बैठक





भाजपा केंद्रीय कार्यालय दिल्ली में आयोजित सदस्यता अभियान के प्रगति बैठक को राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा व गृहमंत्री अमित शाह ने संबोधित किया। बैठक में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय महामंत्री व सदस्यता अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी विनोद तावड़े ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के सदस्यता अभियान की बिन्दुवार जानकारी ली। इसके साथ ही पंचायत में नगरीय निकाय चुनाव को ध्यान में रखते हुए सदस्यता अभियान को सुचारू से संचालित करने की बात कही गई है। इस मौके पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश प्रभारी नीतीन नबीन, प्रदेश सदस्यता प्रभारी विजया रहाटकर, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश सदस्यता संयोजक अनुराग सिंहदेव, सांसद व सदस्यता अभियान की सदस्य रूपकुमारी चौधरी बैठक में शामिल हुई।


वहीं, सदस्यता अभियान को लेकर दिल्ली में हुई प्रारंभिक चरण के बैठक में प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश प्रभारी नीतिन नबीन, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी, प्रदेश महामंत्री द्वय संजय श्रीवास्तव, भरत लाल वर्मा, रामू रोहरा, रामजी भारती, सांसद रूपकुमारी चौधरी, प्रदेश सदस्यता संयोजक अनुराग सिंहदेव, आदिवासी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नवीन मार्कंडे, बस्तर लोकसभा सह प्रभारी श्रीनिवास राव मद्दी मौजूद रहे।

## भाजपा कर रही किसानों की समुचित चिंता : संदीप शर्मा



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत द्वारा धान खरीदी, उसकी कस्टम मिलिंग व उसके रखरखाव में भ्रष्टाचार के आरोप पर कड़ा ऐतराज करते हुए कहा है कि भ्रष्टाचार के विषय पर कांग्रेस का कुछ भी बोलना 'सौ-सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली' के चरित्र का परिचायक है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश की सुशासन वाली सरकार ने किसानों के कल्याण, उनके आर्थिक सशक्तीकरण और कृषि को लाभकारी बनाने के जितने काम पारदर्शिता के साथ किए हैं, कांग्रेस के लोग उसे पचा नहीं पा रहे हैं।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने कहा कि सत्ता में रहकर हर मौकों को अपने लिए भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का अवसर बनाने के माहिर खिलाड़ी कांग्रेस के लोगों को अब भी वही सब उसी तरह नजर आ रहा है जैसे पीलिया के मरीज को सब कुछ पीला-पीला नजर आता है। श्री शर्मा ने कहा कि किसानों के नाम पर ढोल पीट-पीटकर कांग्रेस की सरकार ने कदम-कदम पर किसानों के साथ न केवल छल-कपट की पराकाष्ठा की, अपितु धान खरीदी के नाम पर उनके स्वाभिमान व सज्जनता को रौंदने में कोई कसर बाकी नहीं रखी थी। कांग्रेस के शासनकाल में किसानों को चार किश्तों में उनकी उपज का मूल्य तड़पा-तड़पाकर गांधी परिवार के लोगों के जन्मदिन या पुण्यतिथि पर खैरात की तरह दिया जाता था।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## कांग्रेसियों ने कौशल्या मंदिर तक को नहीं छोड़ाः श्रीवास्तव



भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने राजधानी से महज 25 किलोमीटर दूर चंदखुरी में कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार के कार्यकाल में तीन साल पहले बने माता कौशल्या के मंदिर निर्माण में किए गए भ्रष्टाचार के सामने आने पर कांग्रेस और उसकी भूपेश सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा है कि कांग्रेस के भ्रष्ट राजनीतिक चरित्र को बेनकाब करतीं उसकी काली करतूतों का यह एक और शर्मनाक नमूना है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि विश्व के एकमात्र माता कौशल्या मंदिर के नाम पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जो ढोल पीटते नहीं अघा रहे थे, उस ढोल की पोल मंदिर की छत से भ्रष्टाचार की बूंदों के रूप में टपकते पानी से खुल रही है, जिससे मंदिर परिसर में पानी का जमाव हो गया है। अब तो मंदिर के पत्थर तक गिरने लगे है यह बेहद दुखदाई और शर्मनाक है।

कांग्रेस को कौशल्या माता मंदिर के निर्माण में भ्रष्टाचार करते शर्म क्यों नही आई? भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने अपने शासनकाल में पैसे की हवस का शिकार भगवान तक को भी बना डाला और छत्तीसगढ़ को शर्मसार करने में यह कसर भी बाकी नहीं रखी। छत्तीसगढ़ भगवान श्री राम का ननिहाल है और इस पर हम सब छत्तीसगढ़वासी गर्व करते हैं। छत्तीसगढ़ माता कौशल्या के नाम से जाना जाता है, छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठा माता कौशल्या से है।

## भाजपा सदस्यता वाररूम का हुआ उद्घाटन



भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा सदस्यता वाररूम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश प्रभारी नीतिन नबीन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, वन मंत्री केदार कश्यप, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी व सदस्यता प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव, विधायक गुरु खुशवंत, प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू समेत भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 'पीपुल फॉर पीपल' अभियान का हुआ शुभारंभ



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नवा रायपुर में निर्माणाधीन नवीन विधानसभा परिसर में 'पीपुल फॉर पीपल' अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर स्मार्ट सिटी योजना के तहत रेलवे स्टेशन, स्मार्ट रोड, पार्किंग एवं स्मार्ट स्कूल सहित 204.84 करोड़ रूपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, उपमुख्यमंत्री द्वय अरुण साव और विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी, वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, खेल युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सर्व राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, इंद्रकुमार साहू, मोती लाल साहू उपस्थित थे।

# विचारों के विस्तार के लिए समर्पित था खींवराज संचेती जी का समूचा जीवन

**-हेमंत पाणिग्रही**



11 अप्रैल 1940 - 26 सितम्बर 2005

समकालिन मित्र- श्रद्धेय बलिराम कश्यप के साथ खींवराज संचेती।

*श्रद्धेय बलिराम कश्यप जी के साथ खींवराज संचेती जैसे कई ऐसे कार्यकर्ता रहे हैं जो कई पीढ़ियों में याद किये जाएंगे। यह सबके प्रेरणास्रोत रहे हैं जिनकी वैचारिक विशालता के कारण ही भाजपा का वर्तमान में मजबूत स्वरूप हम सबको दिखता है। उनकी प्रेरणादायी संगठनात्मक कार्य हम सबको सदैव प्रेरित करता रहेगा। ऐसे कर्मयोगी कार्यकर्ता खींवराज संचेती जी का निधन- 26 सितम्बर 2005 में हो गया। जो हम सबके लिए अपूर्णीय छति है।*

**- शरद अवस्थी,** पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष, बस्तर

बस्तर में गांव-गांव तक पहुंचकर भाजपा संगठन के विस्तार में खींवराज संचेती के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। संगठन के विस्तार और उसकी मजबूती के लिए एक सूत्र वाक्य था जिनसे मिलों विचारधारा की चर्चा जरूर करो। उस समय अपने व्यवसाय के कार्यों को लेकर जब जहां भी जाते थे एक व्यक्ति और कमल निशान से जोड़ने का अभियान चलाते थे। जिससे संगठन में सदस्यों की सदस्यों की संख्या गांव, टोले, मोहल्लों में बढ़ने लगे। राजस्थान के जोधपुर जिले के चट्टी गांव में जन्म 11 अप्रैल 1940 में हुआ था। अपने परिवार के साथ कारोबार के सिलसिले में बस्तर आना हुआ। जगदलपुर संभाग मुख्यालय के सदर स्कूल के पास अपने एक छोटी सी दुकान से संगठन के काम को बढ़ाने वाले खींवराज संचेती जी की चर्चा धीरे-धीरे जिला व राज्य संगठन में होने लगी और उन्हीं के प्रेरणा से ही भाजपा में छोटे स्तर तक सदस्य जोड़ो अभियान उस समय के समकालीन नेता व बस्तर के अस्मिता के आवाज बलिराम कश्यप जी के साथ खींवराज जी संचेती व प्रेमराज बाफना जैसे कई कर्मयोगी कार्यकर्ता संगठन को सिंचने में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाने लगे।

जनसंघ की स्थापना के बाद से ही खींवराज संचेती बस्तर में अपने मित्र रमेश गांधी, ज्वाला प्रसाद पाणिग्रही, प्रेम अग्रवाल, प्रेम थवानी, नारायण राव छुट्टानी के साथ मिलकर संगठन के विस्तार को में जुटे रहे और यही कारण है कि बस्तर में बाजपा का विस्तार धीरे-धीरे होने लगा। जिसका प्रतिफल वर्तमान दिख रहा है। जब भी कोई पार्टी का प्रमुख पदाधिकारी बस्तर प्रवास में आता तो श्री खींवराज संचेती जी से बिना मिले नहीं लौटता था क्योंकि संगठनात्मक कार्यकुशलता सबके लिए प्रेरणा स्रोत्र रहा है। उस दौर में बस्तर प्रवास पर श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जी, कैलाश जोशी जी, सुंदरलाल पटवा जी, विरेन्द्र सकलेचा जी जैसे पार्टी प्रमुख पदाधिकारी आते थे उनके प्रवास की जिम्मेदारी श्री संचेती की होती थी। उन्हें उस समय पार्टी और बस्तर को लेकर केन्द्रीय व राज्य के नेतृत्व के बीच में प्रमुख कड़ी के रूप में देखा जाता था। सूचना के माध्यम कम होने की वजह से जो भी सूचनाएं आती थी व श्री संचेती जी को ही भेजा जाता था। उस समय पार्टी के पास कार्यालय का भी अभाव था इसलिए वह अपने ही व्यावसायिक संस्थान को ही कार्यालय के तौर पर उपयोग में लाते थे और क्षेत्र से आने वाले कार्यकर्ता व प्रमुख पदाधिकारियों का वहां जमघट लगता था। अपने कर्मयोग के लिए सदैव सबके स्मृति में रहने वाले श्री खींवराज संचेती जी को अपनी लम्बी राजनीतिक यात्रा के दौरान कभी पद प्रतिष्ठा का मोह नहीं रहा उन्हें पार्टी के आग्रह पर 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पार्षद बनने का अवसर मिला और वह विजयी रहे। उनके बतौर पार्षद का कार्यकाल को अब भी समूचे बस्तर के जनमानस याद करते हैं। ।•••

पत्रिका दीप कमल के इस अंक का पीडीएफ प्राप्त करने के लिए कृपया QR कोड स्कैन करें।

**निवेदन**


दीप कमल से संबंधित कोई भी सुझाव या शिकायत हो तो आप नीचे दिए गए पते पर भेज सकते हैं। फोन या मोबाइल नंबर पर भी जानकारी दे सकते हैं। ईमेल भी कर सकते हैं। इसके अलावा आपके क्षेत्र में संगठन से संबंधित कोई गतिविधि या पत्रिका में प्रकाशन योग्य कोई समाचार हो, तो उसे भी निम्नलिखित माध्यमों से भेजने का आग्रह है।

**प्रबंध संपादक, दीप कमल, प्रदेश भाजपा कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर**
डूमरतराई, रायपुर। (छत्तीसगढ़), मोबाइल नं. : 92016-33511, फोन : 0771-2233500
Email : mydeepkamal@gmail.com








PRESS MEET
Amit Shah
Minister of Cooperation
नया कानून

RNI No.CHHHIN/2004/13926

डाक पंजी. क्रमांक : छ.ग./रायपुर संभाग/78/2023-25

## श्रेष्ठ अभियान

# एक पेड़ मां के नाम

